डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 02.11.2020 से 08.11.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-44 ▶ मूल्य ₹10.00

मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों को देश में शीर्ष स्थान दिलाने के हों प्रयास - राज्यपाल

नवाचार और उन्नयन के प्रयासों में औद्योगिक प्रतिष्ठानों का सहयोग प्राप्त करें

भोपाल, नवीन विश्वविद्यालय की भवन संरचनाओं को हाइराईज बनाया जाए। देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों की सूची में स्थान के लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों को चिन्हित कर विशेष प्रयास हों। नवीन परियोजनाओं एवं नवाचार के लिए पी.पी.पी.टी. मॉडल और सी.एस.आर. फंड से व्यवस्थाएं करने के कार्यों पर बल दिया जाए। ये बातें राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने भोपाल स्थित राजभवन में उच्च शिक्षा में शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रदेश के विश्वविद्यालयों के विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर अधिकारियों और शासकीय विश्वविद्यालयों इंदौर और भोपाल के कुलपतियों के साथ चर्चा के दौरान कहीं।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल भोपाल में शैक्षणिक गुणवत्ता पर कुलपतियों के साथ चर्चा करती हुई।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों की सूची में स्थान प्राप्त करने के प्रयास करें। इस कार्य में विश्वविद्यालय आवश्यक वित्तीय संसाधनों की आपूर्ति के लिए शासन पर निर्भर नहीं रहें। विश्वविद्यालय में उपलब्ध फंड का उपयोग करने के साथ ही पी.पी.पी.टी. मॉडल और कॉरपोरेट रिस्पॉन्सिबिल्टी फंड के तहत औद्योगिक प्रतिष्ठानों से वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के कार्य करें। उन्होंने कहा कि पी.पी.पी.टी. मॉडल के लिए नवोन्मेषी सोच के साथ प्रयास करना जरूरी है। लाभ-हानि के गणित में उलझने के बजाय छात्र हितों को सर्वोच्चता देते हुए, नवाचार के प्रयास करने होंगे। राज्यपाल ने कुलपतियों से अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए व्यावसायिक और वाणिज्यिक संस्थाओं को विश्वविद्यालयों के साथ जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के निकटवर्ती औद्योगिक इकाइयों के साथ समन्वय कर उनकी अनुसंधान, मानव संसाधन, शैक्षणिक और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं के साथ विश्वविद्यालय के लिए आधुनिक प्रयोगात्मक, प्रशिक्षणात्मक संयंत्रों और उपकरणों को प्राप्त करने की पहल की जरूरत बताई। उन्होंने औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ सतत सम्पर्क और व्यावसायिक, वाणिज्यिक, अनुसंधनात्मक और नवीन ज्ञान के साधन संसाधनों के लिए सी.एस.आर. मद से पर्याप्त धनराशि प्राप्त करने के लिए भी कहा। प्रतिष्ठानों के साथ निरंतर प्रभावी सम्पर्क और समन्वय बनाए रखने और निरंतर कोशिश करने की जरूरत बताई।

श्रीमती पटेल ने कहा कि नये विश्वविद्यालयों की भवन संरचना को हाइराईज बनाया जाये। यह कार्य वर्तमान समय की आधुनिक निर्माण तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य शासन विश्वविद्यालय प्रबंधन विचार कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के भवन को हाइराईज बना कर, उसमें सभी आधुनिक सुविधाएं, प्रकाश और हवा के समुचित प्रबंध किए जाएं। ऐसे भवनों के निर्माण से जहां पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष आच्छादन हेतु अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होगी, वहीं अनावश्यक लिंक संबंधी व्यवस्थाओं सड़क, पेयजल आपूर्ति, वाउन्ड्रीवॉल निर्माण पर होने वाले व्यय में कमी होगी। संसाधनों के एकीकृत उपयोग से उनका अधिकतम और बेहतर उपयोग एवं प्रबंधन होगा। उन्होंने शहरी अंचलों में बनने वाले विश्वविद्यालयों के लिए 10 एकड़ और बाहरी क्षेत्र में बनने वाले विश्वविद्यालयों के लिए अधिकतम 100 एकड़ की भूमि सीमा निर्धारित करने पर विचार के लिए भी कहा है। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा बड़ी धनराशि फिक्स डिपॉजिट में रखे जाने पर चिंता व्यक्त की।

श्रीमती पटेल ने कहा कि आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए नियत राशि को छोड़कर, शेष समस्त राशि का उपयोग विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के कार्यों में किया जाए।

छात्रों के लिये हितकर है राष्ट्रीय शिक्षा नीति

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को छात्रों के हित में अधिकतम उपयोग किया जाए। पूरे देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के व्याख्यानों से विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था को प्रसारित किया जाए। उन्होंने कर्मचारी पेंशन फंड के प्रबंधन पर भी विचार-विमर्श किया। फंड के उत्कृष्ट व्यावसायिक विशेषज्ञता के साथ संचालित किए जाने की जरूरत बताई।

ऑनलाइन जैव-विविधता क्विज-2020

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के छात्रों को मिला पहला स्थान

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाइन जैव-विविधता क्विज-2020 प्रतियोगिता मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता बोर्ड, स्कूल शिक्षा विभाग और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। क्विज-2020 के परिणाम घोषित कर दिये गए हैं। इसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के तीन छात्र विदित तिवारी, नंदनी सिंह चौहान और तानिया वानो की टीम विजेता बनी। इन्हें 30 हजार रुपये और 3 टैबलेट दिए गये।

द शिशुकुंज इन्टरनेशनल स्कूल, इंदौर के छात्र शान चड्ढा, श्रेया सिन्हा और ईशान महेश्वरी को द्वितीय स्थान हासिल हुआ। इन्हें 21 हजार रुपये और 3 मोबाइल पुरस्कार के रूप में दिए गए। तीसरे स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्य नगर, सिंगरौली के तीन छात्र क्रमशः प्रभांशु मिश्रा, अवधेश महापात्रा और आयुष्मान सिंह आये। इन्हें 15 हजार रुपये एवं 3 डिजिटल वॉच पुरस्कार के रूप में दी गई।

मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता बोर्ड के सदस्य-सचिव श्री जसबीर सिंह चौहान ने बताया कि 24 अक्टूबर को हुई इस क्विज प्रतियोगिता में 52 विद्यालयीन टीमों के 156 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें लेवल-1 (बहु वैकल्पिक प्रश्न) और लेवल-2 (मल्टी मीडिया) में ऑनलाइन प्रतियोगिता की गई। प्रत्येक जिले में चयनित विद्यालय की टीम द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं वन मंडलाधिकारी द्वारा चिन्हित स्थान से और इनके द्वारा नामांकित 2 अधिकारियों की निगरानी में प्रतियोगिता कराई गई। विजेता टीमों के अलावा शेष सभी प्रतिभागी 49 टीमों के 147 विद्यार्थियों को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया द्वारा पेन ड्राइव प्रदान किए गए।

श्री चौहान ने बताया कि क्विज-2020 के विजेताओं और क्विज से संबंधित विस्तार जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

काउंसलिंग

बीई/बीटेक और इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 9 नवम्बर तक होगी

दो से 9 नवम्बर के मध्य होगा दस्तावेजों का सत्यापन

भोपाल, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा बी.ई./बी.टेक. तथा इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने के फलस्वरूप काउंसलिंग कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। मध्यप्रदेश विधानसभा उप चुनाव वाले जिलों में स्थित शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं में द्वितीय चरण की काउंसलिंग के बाद उपस्थिति एवं प्रवेश संबंधी कार्यों के लिये पूर्व में निर्धारित तिथियां 2, 3 एवं 4 नवम्बर 2020 स्थगित कर दी गई हैं।

बी.ई., बी.टेक. एवं इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम में आवेदन पत्रों को ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश अब 2 से 9 नवम्बर के मध्य निर्धारित किया गया है। पूर्व में 6 नवम्बर तक प्रवेश प्रक्रिया होनी थी। प्रवेशित संस्था के लिए च्वॉइस फिलिंग 9 एवं 10 नवम्बर तथा ब्रांच परिवर्तन की सूची एवं पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता 13 नवम्बर को निर्धारित की गई है।

संस्था स्तर पर काउंसलिंग 10 से 16 नवम्बर तथा 19 एवं 20 नवम्बर को इच्छुक संस्था में प्रवेश प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग के बाद रिक्त रह गई सीटों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 21 से 24 नवम्बर 2020 तथा प्रवेश प्रक्रिया के लिये 27 एवं 28 नवम्बर 2020 तिथि निर्धारित की गई है।

लेट्रल एंट्री बी.ई./डिप्लोमा नॉन पीपीटी डिप्लोमा अम्बेडकर-एकलव्य योजनान्तर्गत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 10 से 16 नवम्बर तक प्रवेश 19 एवं 20 नवम्बर निर्धारित की गई है। रिक्त सीटों के लिए 21 से 24 नवम्बर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे तथा 27 एवं 28 नवम्बर को इच्छुक संस्था में प्रवेश लिया जा सकेगा।

नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के लिये राज्य स्तरीय समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के लिये गृह मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश के अनुपालन में राज्यस्तरीय समिति गठित की गई है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित इस समिति में अपर प्रमुख सचिव/प्रमुख सचिव गृह विभाग, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/सामाजिक न्याय, पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय भोपाल, प्रधान अतिरिक्त महानिदेशक/राजस्व अभिसूचना निदेशालय, उप नारकोटिक्स आयुक्त केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो मध्यप्रदेश, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश और निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला समिति के सदस्य होंगे।

उप महानिदेशक, दक्षिण पश्चिम क्षेत्र नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो समिति के कार्यकारी सदस्य होंगे।

ब्रीफिंग सत्र

राज्य निर्वाचन आयोग का लक्ष्य पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित नहीं रहे

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि चुनाव में पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित नहीं रहें और अपात्र व्यक्ति मतदान नहीं कर सके। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह बात वर्ष 2019 बैच के प्रोबेशनर्स आई.ए.एस. के लिए आयोग में आयोजित ब्रीफिंग सत्र में कही। श्री सिंह ने कहा कि आगामी महीनों में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि यहां दी जा रही जानकारी को गंभीरता से लें। कोई संदेह हो तो उसे दूर कर लें।

श्री सिंह ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के लिए नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन महत्वपूर्ण होते हैं। आयोग का गठन वर्ष 1994 में हुआ है। यह स्वायत्त संस्था है। आयोग लगभग 4 लाख पदों के लिए निर्वाचन करवाता है। इसमें महापौर, अध्यक्ष, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के पद शामिल हैं।

उप निर्वाचन में कुल 19 करोड़ रुपये से अधिक की हुई जप्ती

भोपाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मोहित बंदस ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में प्रदेश के 19 जिलों के 28 विधानसभा क्षेत्रों में अभी तक शराब, वाहन, नगदी एवं अन्य सामग्री लागत 19.45 करोड़ रुपये की जप्ती की गयी। आबकारी विभाग द्वारा 1 लाख 2 हजार 83 लीटर शराब जिसका मूल्य 4.81 करोड़ रुपये है तथा पुलिस द्वारा 98 हजार 822 लीटर शराब जिसका मूल्य 3.28 करोड़ रुपये है, जप्त की गई है। साथ ही 3.66 करोड़ रुपये नगद जप्ती हुई है। शराब जप्ती के साथ वाहन, अन्य सामग्री की जप्ती भी हुई है, जिसका मूल्य 6.33 करोड़ रुपये है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

24 अक्टूबर

भारत ने किया एंटी शिप मिसाइल उरन का सफल परीक्षण

● भारतीय नौसेना ने एंटी शिप मिसाइल उरन का सफल परीक्षण किया है। नौसेना ने

जहाज आईएनएस प्रबल से उरन मिसाइल का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अधिकतम सीमा पर सटीकता के साथ अपने लक्ष्य को निशाना बनाया। परीक्षण के दौरान एक पुराने जहाज को निशाना बनाया गया, यह जहाज नष्ट होकर पानी में डूब गया। आईएनएस प्रबल पर 16 उरन एंटी शिप मिसाइलें तैनात की गई हैं। इन मिसाइलों की अनुमानित क्षमता 130 किलोमीटर तक है।

● कंबोडिया में चीनी सेना की बढ़ती मौजूदगी के खिलाफ जनता में आक्रोश बढ़ने लगा है। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में लोगों ने चीनी दूतावास के सामने चीन के मिलिट्री बेस का विरोध किया। विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए कंबोडियाई पुलिस ने बल प्रयोग किया तथा सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। उल्लेखनीय है कि कंबोडिया ने कर्ज चुकाने के एवज में थाईलैंड की खाड़ी में स्थित रीम नेवल बेस को 99 वर्ष की लीज पर चीन को सौंप दिया है।

● पिछले कई वर्षों से लीबिया में चला आ रहा गृहयुद्ध अब समाप्त होता दिख रहा है। लीबियाई सेना और विद्रोहियों के बीच संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद समझौता हुआ। समझौते पर लीबिया के मिलिट्री लीडर और विद्रोही सेना का नेतृत्व करने वाले जनरल खलीफा हफ्तार ने हस्ताक्षर किये। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में नाटो सेना द्वारा लीबिया के तानाशाह कर्नल मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से हटाने के बाद से देश में गृहयुद्ध का दौर चल रहा है।

25 अक्टूबर

आयकर दाखिल करने की समय-सीमा 31 दिसम्बर तक बढ़ी

● केंद्र सरकार ने कोरोना काल में करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए आयकर

Central Board of Direct Taxes
(CBDT)

रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा बढ़ा दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा है कि ऐसे करदाता, जिन्हें अपने रिटर्न के साथ ऑडिट रिपोर्ट नहीं लगानी पड़ती है, वे वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपना आयकर रिटर्न 31 दिसम्बर 2020 तक दाखिल कर सकते हैं। इससे पहले आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2020 तक की गई थी। सीबीडीटी ने कहा कि जिन करदाताओं के रिटर्न में ऑडिट रिपोर्ट लगानी पड़ती है, उनके लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2021 तय की गई है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के लिए कारोबारियों को भी राहत दी है। वित्त वर्ष 2018-19 का एनुअल रिटर्न (फॉर्म जीएसटीआर-9) और रिकॉन्सिलिएशन स्टेटमेंट (फॉर्म जीएसटीआर-9सी) दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2020 कर दी गई है।

● लद्दाख में चीन से जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के लिए 47 नई सीमा चौकियों को मंजूरी प्रदान की है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जी किशन रेड्डी ने आईटीबीपी के 59वें स्थापना दिवस समारोह में दी। श्री रेड्डी ने कहा कि आईटीबीपी की नई चौकियां बन जाने से सीमा पर गश्त बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी को 28 प्रकार के नए वाहन भी उपलब्ध कराये जायेंगे।

● देश में कोरोना वैक्सीन बनाने के प्रयास में लगी भारत बायोटिक कंपनी ने कहा है कि वह कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन अगले वर्ष जून माह तक लॉन्च कर सकती है। कंपनी ने कहा कि अगर सरकार इसके आपात इस्तेमाल की मंजूरी देती है तो यह इससे पहले भी बाजार में आ सकती है। भारत बायोटिक कंपनी तीसरे चरण में 12 से 14 राज्यों में 20 हजार से ज्यादा लोगों पर कोरोना वैक्सीन (कोवैक्सीन) का टेस्ट करने की योजना बना रही है।

26 अक्टूबर

इरडा ने बीमा विज्ञापन नियमन में बदलाव का दिया प्रस्ताव

● भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) बीमा कंपनियों के

IRDA
Insurance Regulatory and Development Authority

विज्ञापनों को लेकर एक अहम कदम उठाने जा रहा है। इरडा ने ऐसे बीमा संबंधी विज्ञापनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसमें बीमा कंपनियां बढ़ा-चढ़ाकर दावे करती हैं। इरडा ने बीमा विज्ञापन एवं खुलासा नियमन 2020 के ड्राफ्ट में कहा है कि अनुचित और गुमराह करने वाले विज्ञापनों में वे विज्ञापन आयेंगे, जिनमें स्पष्ट तौर पर किसी उत्पाद की पहचान बीमा के रूप में करने में विफल होंगे। इसके अलावा ऐसे विज्ञापन जिनमें लाभ पॉलिसी के प्रावधानों से मेल नहीं खाते हैं, वो भी इस प्रस्ताव के अंतर्गत आयेंगे। इरडा ने विज्ञापन एवं खुलासा नियमन के ड्राफ्ट पर हितधारकों से 10 नवम्बर तक सुझाव मांगे हैं।

● नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन कंपनियों को सर्दियों में 12 हजार 983 साप्ताहिक घरेलू उड़ानों के लिए मंजूरी प्रदान की है। डीजीसीए ने कहा कि यह मंजूरी 25 अक्टूबर 2020 से 27 मार्च 2021 तक के लिए है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 55.7 प्रतिशत कम है। पिछले वर्ष सर्दियों के दौरान डीजीसीए ने 23 हजार 307 साप्ताहिक घरेलू उड़ानों की मंजूरी दी थी। डीजीसीए ने कहा कि इस वर्ष 95 हवाई अड्डों से 12 हजार 983 साप्ताहिक उड़ानें संचालित होंगी।

● अफगानिस्तान की राजधानी काबुल एक आत्मघाती हमले से दहल गई। इस आत्मघाती हमले में स्कूली बच्चों सहित 30 लोगों की मृत्यु हो गई। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने बताया कि यह हमला काबुल के शिया बहुल इलाके में एक शिक्षण केंद्र के बाहर हुआ। इस हमले में 70 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। हमलावर ने विस्फोटकों से भरी जैकेट पहनकर खुद को उड़ा लिया था। इस हमले की जिम्मेदारी कुख्यात आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली है।

27 अक्टूबर

एआईसीटीई ने इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

● ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने देश के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में

प्रवेश के लिए अंतिम तिथि में इजाफा किया है। अब स्नातक पाठ्यक्रम में 30 नवम्बर तक प्रवेश हो सकेगा। इन पाठ्यक्रमों की कक्षाएं एक दिसम्बर 2020 से शुरू होंगी। उम्मीदवार एआईसीटीई की आधिकारिक वेबसाइट पर रिवाइज्ड कैलेंडर देख सकते हैं। एआईसीटीई ने आईआईटी और एनआईटी में जारी प्रवेश प्रक्रिया को देखते हुए इंजीनियरिंग प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई है। इससे पहले यह समय-सीमा अक्टूबर तक निर्धारित थी।

● संयुक्त राष्ट्र की परमाणु हथियारों पर रोक लगाने वाली प्रतिबंध संधि प्रभावी हो गई है। इस संधि पर 50 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस संधि पर हस्ताक्षर करने वाला पचासवां देश होंडुरास है। पचास देशों की मंजूरी के साथ ही यह संधि प्रभावशील हो गई है। इस संधि का अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस ने विरोध किया तथा हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। परमाणु हथियारों को नष्ट करने संबंधी अंतर्राष्ट्रीय अभियान के कार्यकारी निदेशक बेट्राइस फिन ने कहा कि जिन पचास देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हैं, वे दुनिया को नैतिक नेतृत्व का रास्ता दिखा रहे हैं।

● ताइवान की राजधानी ताइपे में सैकड़ों लोगों ने हांगकांग के 12 प्रदर्शनकारियों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चीन प्रशासन ने 12 प्रदर्शकारियों को अगस्त 2020 में गिरफ्तार करने के बाद लीगल मदद उपलब्ध नहीं कराई है। इन प्रदर्शनकारियों को चीन ने तब गिरफ्तार किया था, जब वे अवैध रूप से नाव के जरिए ताइवान में प्रवेश कर रहे थे।

28 अक्टूबर

स्मारकों की बहाली के लिए मिलकर काम करेंगे आईआईटी कानपुर और एएसआई

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के बीच ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए एक समझौता हुआ है। आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर मुकेश शर्मा ने बताया कि आईआईटी कानपुर और एएसआई के अलावा काफोस्करी यूनिवर्सिटी, सोप्रिटेडेंजा ऑकेयोलॉजिया और बेले एर्टी ए पैसेगिया, इटली के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर हुये हैं। समझौते के तहत सभी संस्थान वैज्ञानिक अध्ययन एवं कौशल, नॉलेज तथा अनुभव का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि समझौते के तहत प्रत्येक गतिविधि के लिए एक विशेष योजना पर काम किया जायेगा, जो संसाधनों और स्मारकों की जरूरत के अनुसार संरक्षण की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।

● केंद्र सरकार ने कोरोना अनलॉक-5 की गाइडलाइंस को 30 नवम्बर 2020 तक बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा कि देश में लगभग सभी तरह की गतिविधियों को पहले ही खोला जा चुका है। कोरोना से प्रभावित इलाकों में गतिविधियों को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी गई है। हालांकि कंटेनमेंट जोन में पहले की तरह सख्ती बरकरार रहेगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 30 सितम्बर को अनलॉक-5 के लिए गाइडलाइंस जारी की थी, इसके तहत 15 अक्टूबर के बाद सिनेमा हॉल, एंटरटेनमेंट पार्क और स्विमिंग पूल को खोलने की इजाजत दी गई थी।

29 अक्टूबर

अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर रोक 30 नवम्बर तक बढ़ी

● नगर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अंतर्राष्ट्रीय यात्री उड़ानों के परिचालन पर लगी रोक को 30 नवम्बर तक बढ़ा दिया है। डीजीसीए द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए यह रोक बढ़ाई गई है। डीजीसीए ने कहा कि 'मामला-दर-मामला' के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा चुनिंदा मार्गों पर अंतर्राष्ट्रीय निर्धारित उड़ानों के परिचालन की अनुमति दी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत में 23 मार्च 2020 से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें बंद हैं। हालांकि मई माह से वंदे भारत मिशन के तहत और जुलाई माह से एयर बबल के तहत कुछ देशों के लिए विशेष अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें संचालित की जा रही हैं।

● रेलवे बोर्ड ने ग्रुप सी से ग्रुप बी में विभागीय पदोन्नति के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में संशोधन किया है। इस संशोधन से कर्मचारी से अधिकारी बनने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी। रेलवे बोर्ड ने विभागीय परीक्षा में प्री तथा मेंस की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। अब केवल एक परीक्षा होगी। इस परीक्षा में 60 या इससे अधिक अंक लाने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। पहले यह सीमा 75 अंक की थी। हालांकि परीक्षा में माइनस मार्किंग की व्यवस्था जारी रहेगी। नई व्यवस्था एक जनवरी 2021 के बाद रिक्त पदों के लिए होने वाली सीमित विभागीय परीक्षा से लागू होगी।

● मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी आने के बाद दो सप्ताह का लॉकडाउन लगा दिया गया है। क्वालालंपुर प्रशासन ने हॉटस्पॉट वाले इलाकों में कटीले तारों की घेराबंदी की है, ताकि लोग घर से बाहर न निकल पायें। उल्लेखनीय है कि मलेशिया में अब तक 29 हजार से ज्यादा कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं।

30 अक्टूबर

एनटीए ने यूजीसी नेट परीक्षा के एडमिट कार्ड किये जारी

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के एडमिट कार्ड जारी कर दिये हैं। एनटीए ने कहा कि यूजीसी नेट परीक्षा जून माह में आयोजित होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण नवम्बर माह में इसका आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 4, 5, 11, 12 और 13 नवम्बर को आयोजित होगी। अभ्यर्थी परीक्षा के लिये एडमिट कार्ड एनटीए की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

● सुप्रीम कोर्ट ने नौसेना में महिला अफसरों को स्थाई कमीशन देने के आदेश को लागू करने की मोहलत 31 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार 31 दिसम्बर 2020 तक यह आदेश लागू करे। सुप्रीम कोर्ट ने इसी वर्ष एक फैसले में कहा था कि महिला और पुरुष अधिकारियों के साथ समान व्यवहार होना चाहिये और महिलाओं को युद्धक भूमिका में लाकर उन्हें स्थाई कमीशन दिया जाना चाहिये।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2020-21

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
Attached with People's Teaching Hospital 950 bedded (ISO 9001:2015) | Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. | Separate hostel facility | Scholarship facility available. | Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. | Educational Visits and Student's Tour.
Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
R-44623/2020

वर्ष 37, अंक 44 02.11.2020 से 08.11.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वार्यगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पांच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव

मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के मद्देनजर प्रभावी व्यवस्था की गई है। इसके लिए मतदान अधिकारी के पास एक किट रहेगी। जिसमें निम्नलिखित वस्तुयें प्रत्येक मतदान अधिकारी और सुरक्षाकर्मियों को अन्य निर्धारित वस्तुओं के अलावा प्रदान की जायेंगी। इनमें मास्क, सेनेटाइजर, हाथ में पहनने वाले दस्तानें शामिल हैं। पोस्टल बैलेट के तहत निम्नलिखित श्रेणियों के निर्वाचकों को डाक सुविधा का विकल्प प्रदान किया गया है। इनमें वह निर्वाचक जो विकलांग व्यक्ति के रूप में चिन्हित हैं, जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है, अधिसूचित आवश्यक सेवाओं में काम कर रहे निर्वाचक ऐसे मतदाता जो कोविड-19 से पीड़ित हैं। इन श्रेणियों में से प्रत्येक के लिए अलग से दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इस उपचुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के लिए भी नियम तय किए गए। राजनीतिक दलों को मौजूदा कोविड-19 के दिशा-निर्देशों सहित किसी भी अन्य प्रतिबंध के अधीन सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर उम्मीदवारों सहित 5 व्यक्तियों के एक समूह को घर-घर अभियान चलाने की अनुमति है। वाहनों के काफिले को दस वाहन (सुरक्षा वाहनों सहित) के बजाय हर पांच वाहनों के बाद तोड़ा जाना चाहिए। वाहनों के काफिलों के 2 सेटों के बीच अंतराल 100 मीटर के बदले आधे घंटे का होना चाहिए। चुनावी सभाएं-सार्वजनिक सभाएं-रैलियां मौजूदा कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की जानी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी को इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाने चाहिये। जिला निर्वाचन अधिकारी को स्पष्ट रूप से चिन्हित प्रवेश निकास स्थानों के साथ सार्वजनिक सभा के लिए समर्पित आधारों की पहचान पहले से ही करनी चाहिए। ऐसे सभी चिन्हित आधारों में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों की सोशल डिस्टेंसिंग को सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही मार्कर लगा दिए जाएं। नोडल जिला स्वास्थ्य अधिकारी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाए, ताकि जिलों के सभी संबंधितों द्वारा सभी कोविड-19 संबंधित मार्गदर्शकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस एसएचओ यह सुनिश्चित करें कि उपस्थित लोगों की संख्या सार्वजनिक समारोहों के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक न हो। डीईओ को इस बात की देखरेख के लिए क्षेत्र स्वास्थ्य नियामकों की प्रतिनियुक्ति करना चाहिए कि इन बैठकों के दौरान कोविड-19 के निर्देशों और दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी कोविड-19 संबंधित आवश्यकताएं जैसे फेस मास्क, सेनेटाइजर और थर्मल स्कैनिंग आदि का प्रबंध हो। कोविड-19 उपायों पर निर्देशों का उल्लंघन करने वाला कोई भी व्यक्ति आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 से 60 के प्रावधानों के अनुसार आगे बढ़ने के लिए उत्तरदायी होगा। 2005 में भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही और लागू अन्य कानूनी प्रावधानों के अलावा गृह मंत्रालय के 29 जुलाई 2020 के आदेश संख्या 40-3/2020-डीएम -1 (ए) में निर्दिष्ट किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी को सभी संबंधितों के ध्यान में यह बात लाना चाहिए। आयोग द्वारा पहले से निर्धारित मामलों में सुविधा एप का उपयोग करके सार्वजनिक स्थलों का आवंटन किया जाना चाहिए। चुनाव का दिन पूरा होने के बाद स्ट्रांग रूम की सफाई की जाए। प्रत्येक गतिविधि के लिए सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य सुरक्षा मानदंडों का पालन किया जाना चाहिए। वोटों की गिनती के लिए एक हॉल में सात टेबल से अधिक की अनुमति नहीं दी जाना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में संपन्न हो रहे उपचुनाव के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। दिशा-निर्देशों के सही पालन से ही उपचुनाव निर्विघ्न संपन्न हो पायेंगे।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

वायुमण्डल- वायुमण्डल पृथ्वी की रक्षा करने वाला रोधी आवरण है। यह सूर्य के गहन प्रकाश और ताप को नरम करता है। इसकी ओजोन परत सूर्य से आने वाली अत्यधिक हानि पहुंचाने वाली परावैंगनी किरणों को अधिकांशतया सोख लेती है और इस प्रकार जीवों की विनाश से रक्षा करती है। वायुमण्डल गुरुत्व द्वारा पृथ्वी से बंधा हुआ है। चन्द्रमा जैसा उपग्रह जिसकी गुरुत्व शक्ति बहुत कम होती है वायुमण्डल को धारण नहीं कर सकता है। वायु दबाव का सीधा और सरल अर्थ है किसी दिये बिन्दु पर संपूर्ण वायु कालम का भार पड़ना। निश्चय ही हवा का भार बहुत कम होता है। वायुमण्डल में विभिन्न गैसें और जलवाष्प होते हैं और अपने सर्वाधिक ऊपरी भाग में यह परमाण्विक कणों में आवेशित होते हैं। पृथ्वी से 50 किलोमीटर की दूरी तक वायुमण्डल में 78 प्रतिशत नाइट्रोजन, 21 प्रतिशत ऑक्सीजन और निम्न प्रतिशत में आर्गन, कार्बन डाईऑक्साइड, निआन, हीलियम और मीथेन विद्यमान हैं। तीस मील से ऊपर वायुमण्डल परमाण्विक ऑक्सीजन, ओजोन, हीलियम और हाइड्रोजन से बना हुआ है।

- **देवेश तिवारी**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

शांति और विकास के लिये विश्व विज्ञान दिवस 10 नवम्बर

विश्व शांति की कामना और विकास के संकल्प के साथ मनाते हैं यह दिवस

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

विश्व शांति की कामना और विश्व के समग्र विकास के संकल्प के साथ समूचा विश्व प्रतिवर्ष दस नवम्बर को 'विश्व विज्ञान दिवस' मनाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज में विज्ञान की भूमिका को रेखांकित करना और इसके द्वारा जनसामान्य के जीवन में विज्ञान के प्रभाव को प्रदर्शित करना है। शांति और विकास के लिये विश्व विज्ञान दिवस के आयोजन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा की गई थी। शांति एवं विकास कार्यों में विज्ञान के योगदान को पारिभाषित करने और इस सन्दर्भ में विज्ञान के महत्व को दर्शाने के लिये इस दिन गंभीर विचार विमर्श होता है। वर्ष 1999 में हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में दस नवम्बर को संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद और यूनेस्को द्वारा विज्ञान पर विश्व सम्मेलन का आयोजन किया गया था, विश्व विज्ञान दिवस उसी सम्मेलन के अनुसरण में मनाया जाता है। यूनेस्को द्वारा इस दिवस की स्थापना वर्ष 2001 में की गई थी और वर्ष 2002 से प्रतिवर्ष विश्व के लगभग सभी देशों में विज्ञान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसे मनाया जाता है। विश्व में विज्ञान के माध्यम से मानव जाति के कल्याण का सूत्रपात किये जाने के लिये यह यूनेस्को का एक अनूठा प्रयास था, जिसे विश्व के लगभग सभी देशों का समर्थन मिला। इस दिन विज्ञान के सृजनात्मक पक्ष को अपनाने का संकल्प लिया जाता है, जिससे मानव जाति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो।

सतत विकास में विज्ञान की भूमिका की पड़ताल की कोशिश होती है इस दिन

विश्व विज्ञान दिवस विश्व के शांतिपूर्ण और सतत विकास में विज्ञान की भूमिका की गहन पड़ताल का दिन भी होता है। इस दिन समाज के कल्याण के लिए विज्ञान के उपयोग के लिए प्रतिबद्धता को भी दोहराया जाता है। इस समय विज्ञान के समक्ष जो चुनौतियां हैं उनकी ओर ध्यान आकर्षित करना और विश्व में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास में योगदान पर चर्चा करना भी होता है। इस दिवस के आयोजन का एक बड़ा उद्देश्य विश्व में सामान्य नागरिकों तक विज्ञान के विकास की जानकारी पहुंचाना भी है, जिससे वे रोजमर्रा की जिंदगी में विज्ञान के महत्व को समझ सकें। हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं उसकी भी हमें सीमित जानकारी है। विश्व विज्ञान दिवस हमें पृथ्वी की समझ को व्यापक बनाने और सतत विकास के लिये वैज्ञानिकों की अहम् भूमिका पर भी इस दिन विमर्श किया जाता है। वस्तुतः सतत विकास की अवधारणा बिना विज्ञान के सम्भव ही नहीं है। असल में विश्व शांति और सतत वैश्विक विकास अन्योन्याश्रित लक्ष्य है और विज्ञान के माध्यम से इन दोनों लक्ष्यों को पाना ही आज के समय की सबसे प्रमुख जरूरत है और विश्व विज्ञान दिवस पर इसी प्रक्रिया पर गहन विचार विमर्श होता है। विज्ञान एक अध्येय विषय के रूप में जितना जरूरी है उससे ज्यादा जरूरी है जनसामान्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास। विश्व विज्ञान दिवस पर इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर बात होती है।

विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता होती है रेखांकित

शांति और विकास के लिये विश्व विज्ञान दिवस पर विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया जाता है। इस आयोजन का लक्ष्य समाज और विज्ञान के बीच की दूरी मिटाने और वैज्ञानिक आविष्कारों के महत्व को स्थापित करना है। समूचे विश्व में इस दिन को शासकीय और गैर-शासकीय संस्थाएं, वैज्ञानिक शोध संगठन, व्यावसायिक संघ, मीडिया, स्थानीय स्वशासी संस्थाएं, विज्ञान के शिक्षक और सभी विद्यालय इस दिन को पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। यह दिन हर वर्ष हमें हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में सम्पन्न विश्व विज्ञान सम्मेलन में दो दस्तावेजों में से एक में घोषित उद्देश्य, विज्ञान संबंधी घोषणा और वैज्ञानिक ज्ञान के उपयोग, को प्राप्त करने तथा सम्मेलन की वैज्ञानिक कार्यसूची में शामिल संस्तुतियों का एक ढांचा (फ्रेमवर्क) बनाने का अवसर देता है। यूनेस्को हर वर्ष विश्व विज्ञान दिवस पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करता है। विज्ञान को लोकप्रियता दिलाने और विभिन्न समसामयिक समस्याओं जैसे- प्रबंधन, ताजा पानी और जैविक विविधता की सुरक्षा जैसे विषयों पर बात करने के लिए यूनेस्को द्वारा पत्रिका और दस्तावेज भी प्रकाशित किये जाते हैं। यूनेस्को का यह प्रयास इस मामले में भी सराहनीय है कि इससे विज्ञान की जनप्रियता को बढ़ाने की राह खुलती है। यूनेस्को की यह पहल जनप्रियता को एक नया आयाम देती है।

कोरोना संक्रमण काल में विज्ञान का एक नया और पुरअसर प्रारूप नज़र आया

कोरोना संक्रमण काल में विज्ञान के नये और पुरअसर प्रारूप पर भी हाल ही में चर्चा-परिचर्चा श्रृंखला (डिस्कोर्स सीरीज) में एक प्रभावी टिप्पणी की गई। केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी) की स्थापना के पचास वर्ष होने पर आयोजित इस परिचर्चा में 'महामारी के इतर पहलू' (द अदर साइड ऑफ पैनडैमिक) पर चर्चा करते हुए विभाग के सचिव ने बताया कि कोविड-19 महामारी काल में घर से बाहर निकलते समय हम इससे क्या सीख ले रहे हैं, इसे समझना जरूरी है। इसके अलावा, अब हमारे सामने कई चुनौतियां भी हैं। जब हम चुनौतियों की बात करते हैं तो हमारे सामने नए अवसर भी आते हैं और ऐसे अवसर विज्ञान से जुड़े हुए अलग-अलग क्षेत्रों में हमारी बेहतरी की मिसाल बन सकते हैं। इस संक्रमण काल से हमने काफी कुछ सीखा है और हम आगे भी विज्ञान के नए और पुरअसर प्रारूप देखने में भी सक्षम होंगे। महामारी से बहुत कुछ सीखने की बात भी इस अवसर पर कही गई। यह भी कहा कि आगे चलकर विज्ञान के जो नए प्रारूप सामने आयेंगे वे बेहद प्रभावी होंगे। यह भी कहा गया कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी के लिए 'इनोवेशन चेन' (नवोन्मेष श्रृंखला) की जरूरत होती है, जिसमें इनोवेशन ईको-सिस्टम (नवोन्मेष पारिस्थितिक तंत्र) के कई आयाम शामिल होते हैं। विज्ञान को भविष्य के लिए तैयार रहने के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्रों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ बढ़ाने की कोशिश भी करनी होगी।

विज्ञान दिवस, सामाजिक सरोकार में विज्ञान की भूमिका का पुनर्आविष्कार करता है

विश्व के सतत विकास के साथ-साथ सर्वांगीण विकास की बहुआयामी यात्रा तक विज्ञान ने सामाजिक सरोकारों में भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। विज्ञान ने भौगोलिक दूरियों को नगण्य करके व्यापार और विकास के व्यापक स्वरूप को आकार दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से आज अलग-अलग उपमहाद्वीप के बीच मजबूत आर्थिक और व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित किए जा चुके हैं। सतत परिवर्तन की इस यात्रा में, विज्ञान ने सोशल मीडिया के द्वारा लोगों को जोड़कर पारिवारिक और सामाजिक निकटता को सहजता से बढ़ा दिया है। आज लगभग हर रोज ही जिस महिला सशक्तिकरण की बात हम करते हैं, उसको अनेक सुरक्षा उपकरणों के साथ महिलाओं के लिए सहूलियत और सुलभता भरे वातावरण का निर्माण करने में भी विज्ञान ने अपना योगदान देकर शांति के प्रति हमारी कटिबद्धता को रेखांकित किया है। विज्ञान के मौजूदा अत्याधुनिक स्वरूप ने सूचना प्रौद्योगिकी के एक नये युग की शुरुआत की है, जिसमें ओपन हार्ट सर्जरी और स्टेम सेल थैरेपी ने चिकित्सकीय विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं तो मनोरंजन के क्षेत्र को टीवी, रेडियो, इंटरनेट और वीडियो गेम्स जैसे अनेक आविष्कार विज्ञान से ही प्राप्त हुए हैं। इन सबसे विज्ञान की सामाजिक सरोकार के प्रति जो प्रतिबद्धता बढ़ी उससे भी विज्ञान की सतत विकास के संवाहक वाली भूमिका सुस्पष्ट हुई है।

विश्व विज्ञान दिवस पर विज्ञान के सन्दर्भ और परिप्रेक्ष्य पर विमर्श होता है

यूनेस्को की कोशिश होती है कि प्रत्येक विश्व विज्ञान दिवस पर विज्ञान से जुड़े किसी सम-सामयिक संदर्भ अथवा परिप्रेक्ष्य पर विमर्श हो। इस वर्ष इस दिवस की थीम 'साइंस फॉर एंड विद सोसायटी' तय की गई है। गत वर्ष 2019 में इस दिवस का विषय- 'ओपन साइंस, कोई भी पीछे न रहे' रखा गया था। इस विषय का मंतव्य विज्ञान शिक्षण की सुलभता था। वर्ष 2018 में विज्ञान को एक मानव अधिकार निरूपित किया गया था। इसके पूर्व वर्ष 2017 में विज्ञान को वैश्विक समझ के आधार के रूप में मान्य किये जाने की बात कही गई थी। वर्ष 2016 में विश्व में फैले विज्ञान केन्द्रों और विज्ञान संग्रहालयों की विज्ञान के प्रचार-प्रसार के सन्दर्भ में महत्व पर विचार किया गया था। सतत विकास के सन्दर्भ में विज्ञान की क्या भूमिका हो सकती है इस पर वर्ष 2015 के विश्व विज्ञान दिवस पर चर्चा की गई थी। एक विषय के रूप में विज्ञान के शिक्षण को कैसे गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकता है, इस विषय पर वर्ष 2014 के विश्व विज्ञान दिवस पर चर्चा की गई थी। वर्ष 2013 में जल संकट की वैश्विक समस्या के सन्दर्भ में विश्व विज्ञान दिवस पर जल सहकारिता पर विचार विमर्श हुआ था। इस विचार विमर्श में जल सहकारिता के लिये आंकड़ों, ज्ञान और नवाचारों की भागीदारी की बात हुई। यूनेस्को प्रतिवर्ष विश्व विज्ञान दिवस पर मौजूदा समस्या के समाधान में विज्ञान की क्या भूमिका हो सकती है इस पर मंथन करता है। (फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल - 462004

संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम
सत्र 2020-21
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

लेटरल एण्ट्री बी.ई./डिप्लोमा-नॉनपीपीटी/डिप्लोमा अम्बेडकर-एकलव्य योजनान्तर्गत

लेटरल एण्ट्री के माध्यम से बी.ई./बी.टेक.

गतिविधियां	पूर्व घोषित कार्यक्रम	संशोधित कार्यक्रम
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	11.11.2020 से 13.11.2020 सायं 3:00 बजे तक	10.11.2020 से 16.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	11.11.2020 से 13.11.2020 सायं 5:00 बजे तक	19.11.2020 से 20.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
डिप्लोमा-नॉनपीपीटी/अम्बेडकर-एकलव्य योजनान्तर्गत		
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	08.11.2020 से 10.11.2020 सायं 3:00 बजे तक	10.11.2020 से 16.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	13.11.2020 प्रातः 10:30 से सायं 5:00 बजे तक	19.11.2020 से 20.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

लेटरल एण्ट्री बी.ई./डिप्लोमा-नॉनपीपीटी/डिप्लोमा अम्बेडकर-एकलव्य योजनान्तर्गत उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

गतिविधियां	कार्यक्रम
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	21.11.2020 से 24.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	27.11.2020 से 28.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

महत्वपूर्ण :-

- प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये इच्छुक संस्था में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:00 तक स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। तत्पश्चात मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि, वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/98786/44618/2020 **अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल - 462004

संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम
सत्र 2020-21
इंजीनियरिंग डिप्लोमा (Engineering Diploma) पाठ्यक्रम हेतु

मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव वाले जिलों में स्थित पोलिटेक्निक महाविद्यालयों (शासकीय/स्वशासी एवं अनुदान प्राप्त) में प्रथम चरण काउंसलिंग आवंटन उपरान्त संस्थाओं में उपस्थिति एवं प्रवेश संबंधित समस्त कार्य **दिनांक 2, 3 तथा 4 नवम्बर 2020 को** स्थगित रहेंगे।
एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने के फलस्वरूप संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :-

प्रथम चरण

गतिविधियां	पूर्व घोषित कार्यक्रम	संशोधित कार्यक्रम
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	29.10.2020 से 06.11.2020 सायं 5:00 बजे तक	29.10.2020 से 09.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC)		
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	08.11.2020 से 13.11.2020 सायं 3:00 बजे तक	10.11.2020 से 16.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	11.11.2020 से 13.11.2020 सायं 5:00 बजे तक	19.11.2020 से 20.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

गतिविधियां	कार्यक्रम
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	21.11.2020 से 24.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	27.11.2020 से 28.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

महत्वपूर्ण :-

- प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये इच्छुक संस्था में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:00 तक स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। तत्पश्चात मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि, वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/98785/44620/2020 **अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल - 462004

संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम
सत्र 2020-21
बी.ई./बी.टेक. पाठ्यक्रम हेतु

मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव वाले जिलों में स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालयों (शासकीय/स्वशासी एवं अनुदान प्राप्त) में द्वितीय चरण काउंसलिंग आवंटन उपरान्त संस्थाओं में उपस्थिति एवं प्रवेश संबंधित समस्त कार्य **दिनांक 2, 3 तथा 4 नवम्बर 2020** को स्थगित रहेंगे।
एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने के फलस्वरूप संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :-

द्वितीय चरण (बी.ई./बी.टेक.)

गतिविधियां	पूर्व घोषित कार्यक्रम	संशोधित कार्यक्रम
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। (प्रथमतः **जेईई मेन-2020** के आधार पर आवंटन पश्चात रिक्त सीटों पर 12वीं के आधार पर आवंटन जारी किया जायेगा।)	02.11.2020 से 06.11.2020 सायं 5:00 बजे तक	02.11.2020 से 09.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
आन्तरिक ब्रांच परिवर्तन		
प्रवेशित संस्था के लिये प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन	06.11.2020 से 07.11.2020 सायं 5:00 बजे तक	09.11.2020 से 10.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
ब्रांच परिवर्तन की सूची एवं पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता	10.11.2020 को दोपहर 3:00 बजे तक	13.11.2020 को दोपहर 3:00 बजे तक
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)		
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	05.11.2020 से 13.11.2020 सायं 3:00 बजे तक	10.11.2020 से 16.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	11.11.2020 से 13.11.2020 सायं 5:00 बजे तक	19.11.2020 से 20.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

गतिविधियां	कार्यक्रम
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	21.11.2020 से 24.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	27.11.2020 से 28.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

महत्वपूर्ण :-

- प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये इच्छुक संस्था में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:00 तक स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। तत्पश्चात मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि, वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/98787/44619/2020 **अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1
शेड क्र.-7 जवाहर चौक, भोपाल
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक- 60/ब.ले.लि./2020-21 **भोपाल, दिनांक 29.10.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. लो.नि.वि. संधारण संभाग क्र.-1 भोपाल के अंतर्गत विभिन्न बी.टी. मार्गों पर नवीनीकरण का कार्य (लंबाई 15.65 कि.मी.)

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	भौतिकरूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) अंतिम दिनांक व समय
उद्योग-कारोबार और नवाचार का काम जितना आसान हो गया है, वहीं उद्योग-कारोबार और नवाचार के बढ़ते हुए डेटा को सहेजना और उसका व्यवस्थित तरीके से विश्लेषण करना बहुत चुनौतीपूर्ण काम होता जा रहा है। डेटा साइंस की इन्हीं चुनौतियों से निपटने का कार्य करते हैं डेटा साइंटिस्ट। डेटा साइंटिस्ट उन पेशेवरों को कहा जाता है, जिनके पास प्रोग्रामिंग, स्टैटिस्टिक्स, एप्लाइड मैथेमेटिक्स और कम्प्यूटर की अच्छी जानकारी होती है। इनके पास किसी भी तरह के डेटा को बेहतर तरीके से विजुअलाइज करने की विलक्षण क्षमता होती है। डेटा साइंटिस्ट विभिन्न सेक्टरों द्वारा दिए गए उलझाऊ और जटिल डेटा में से अहम जानकारियों को बारीकी से खंगालते हैं। वे यह भी पता लगाते हैं कि किस वजह से कंपनी की स्थिति में गिरावट आ रही है या कंपनी के लिए कौन-सा नया उपक्रम लाभकारी होगा।

गौरतलब है कि डेटा साइंस वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करके डेटा के अरबों-खरबों बाइट्स से वांछित परिणाम निकालने के लिए वैज्ञानिक गणनाओं को लागू करने की एक विशिष्ट प्रक्रिया है। यह गणित, सांख्यिकी, मशीन लर्निंग, डोमेन ज्ञान, आईटी और सॉफ्टवेयर का मिश्रण है। यह एक ऐसा विज्ञान है, जो आंकड़ों के माध्यम से आज की वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए भविष्य का संभावित रास्ता बताता है। वस्तुतः सही तरह के डेटा जुटा लेना ही सफलता के लिए पर्याप्त नहीं है, अपितु सफलता ऐसा एनालिटिकल टूल विकसित करने में है, जो कारोबारी नतीजों पर फोकस करता हो।

उद्योग-कारोबार को प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाता है डेटा साइंस

इसमें कोई दो मत नहीं है कि कई कंपनियों ने अपने ग्राहक संबंधी डेटा के व्यापक संग्रहण और विश्लेषण के बाद कंपनी के नतीजों में चमत्कारिक सुधार किए हैं। गूगल, अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील, फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट आदि कंपनियाँ डेटा साइंस के इस्तेमाल से अपने कारोबारी प्रतिद्वंद्वियों को जबरदस्त चुनौती दे रही हैं। उन्हें अपने हर एक ग्राहक के बारे में सटीक जानकारी है और वे यह भी जानती हैं कि उनके ये ग्राहक अपनी शुरुआत क्लिकिंग में कौन-सी साइट पर जाते हैं या अपने क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड द्वारा कौन-से सामान की ज्यादा खरीदारी करते हैं।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि डेटा साइंस तेजी से हमारे दैनिक जीवन का अंग बन गया है। हमारे दैनिक जीवन में मनोरंजन, ज्ञान और विभिन्न समाचारों के लिए हम जिस यूट्यूब का उपयोग करते है, वह डेटा साइंस के उपयोग पर ही आधारित है। यूट्यूब हमें वीडियो सजेस्ट करने के लिए हमारे डेटा का ही उपयोग करता है। हम यूट्यूब पर आगे क्या देखना चाहेंगे इसके लिए यूट्यूब डेटा साइंस का उपयोग करके हमारे खोज पैटर्न को ट्रैक करके हमें उन वीडियो को दिखाता है जो कुछ हद तक हमारे द्वारा पहले देखे गए वीडियो से संबंधित होते हैं, ताकि हम यूट्यूब पर अन्य वीडियो के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा सर्फिंग करते रहें। इसी तरह नेटफ्लिक्स हमें उन टीवी शो या फिल्मों को दिखाता है, जो कुछ हद तक हमारे द्वारा पूर्व में देखे गए डेटा से संबंधित हैं।

डेटा साइंस से हेल्थकेयर में बढ़ रहे हैं रोज़गार

इसमें कोई दो मत नहीं है कि डेटा साइंस ने हेल्थकेयर के क्षेत्र में भी जीवन

को आसान बना दिया है और हेल्थकेयर में रोज़गार के मौके भी बढ़ाए हैं। डेटा साइंस के उपयोग से भविष्यवाणी के आधार पर एक रोगी के लिए पर्याप्त दवा भी तैयार की जा सकती है। डेटा साइंस ने खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों के जीवन को भी आसान बना दिया है। इन दिनों डेटा साइंस का उपयोग एक खेल के लिए तैयार करने के लिए एक खिलाड़ी के स्वास्थ्य और मानसिक स्थितियों का विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, डेटा साइंस का इस्तेमाल रणनीति बनाने और प्रतिद्वंद्वी को मैच शुरू होने से पहले ही पराजित करने में किया जा सकता है।

भारत में डेटा सेंटरों में बढ़ रहे हैं कॅरियर के मौके

इसमें कोई दो मत नहीं है कि डेटा साइंस एक ऐसा क्षेत्र है जो अपने नएपन और कार्य की प्रकृति के कारण युवाओं में काफी कम समय में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो गया है। कोविड-19 के बाद नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के तहत भविष्य में डेटा की वही अहमियत होगी जो आज कच्चे तेल की है। देश में डेटा को एक अहम आर्थिक संसाधन के रूप में मान्यता मिलते हुए दिखाई दे रही है। देश में डेटा का महत्व इतना बढ़ गया है कि दुनिया के विकसित देशों की कंपनियाँ भारत में डाटा सेंटर स्थापित करते हुए दिखाई दे रही हैं। इससे देश में डेटा साइंस के क्षेत्र में रोज़गार तेजी से बढ़ेंगे।

यह उल्लेखनीय है कि देश में डेटा सेंटर बढ़ने का कारण भारत का नवाचार में तेजी से आगे बढ़ना है। तकनीकी विकास और नवाचार से संबंधित वैश्विक रिपोर्टों में भारत की ऊंचाई लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों प्रकाशित प्रसिद्ध कंसल्टेंसी फर्म केपीएमजी के 2020 ग्लोबल टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री इनोवेशन सर्वे के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के क्षेत्र में नई खोजों और अनुसंधान के मामले में भारत दुनिया में चीन के साथ दूसरे नंबर पर है।

ग्लोबल इनोवेशन में ऊंचाई और डेटा साइंस में रोज़गार

यदि हम विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा जारी वैश्विक

नवाचार सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स जीआईआई) 2020 को देखें, तो पाते हैं कि इस इंडेक्स में भारत चार पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर पहुंच गया है और भारत ने शीर्ष 50 देशों में अपनी जगह बना ली है। भारत पिछले वर्ष 2019 में इस इंडेक्स में 52वें पायदान पर था और 2015 में 81वें स्थान पर था। जैसे-जैसे ग्लोबल इनोवेशन में देश आगे बढ़ा है वैसे-वैसे डेटा साइंस में रोज़गार के मौके बढ़े हैं।

डेटा साइंटिस्ट के लिए जरूरी स्किल्स

उल्लेखनीय है कि डेटा साइंटिस्ट बनने के लिए कुछ विशेष स्किल्स की जरूरत होती है। इसके लिए प्रोग्रामिंग, स्टेटिक्स, डेटा विजुलाइजेशन, लिनियर अलजेबरा, सॉफ्टवेयर की जानकारी आदि स्किल्स का होना जरूरी है। डेटा साइंटिस्ट बनने के लिए यह भी जरूरी है कि डेटा एनालिसिस करने के साथ-साथ संबंधित बिजनेस की अच्छी समझ हो।

डेटा साइंटिस्ट से संबंधित विभिन्न कोर्स

देश में डेटा साइंस तथा बिजनेस एनालिटिक्स स्पेशलाइजेशन में कई तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। ये कोर्स सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स के रूप में हैं।

स्टार्टअप व घरेलू कारोबार में बढ़े रोज़गार

ज्ञातव्य है कि भारत लगातार वैश्विक नवाचार क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर रहा



है। नए वैश्विक ग्लोबल इंडेक्स के तहत भारत में कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता और दिवालियापन की समस्या को हल करने में आसानी जैसे संकेतकों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था, घरेलू कारोबार में सरलता, स्टार्टअप, विदेशी निवेश, जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि कोविड-19 ने सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति के लिए एआई उपयोग तथा शोध एवं तकनीकी विकास के महत्व को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। कोविड-19 के मद्देनजर लॉकडाउन के कारण विभिन्न तकनीकी रुझानों में अप्रत्याशित तेजी आई है। दुनियाभर में उद्योग-कारोबार, शिक्षा, स्वास्थ्य, टेली मेडिसिन एवं मनोरंजन के मामलों में डिजिटलीकरण तेजी से आगे बढ़ा है। तकनीक के जुड़े नए-नए कारोबारी मॉडल आगे बढ़े हैं। एक ऐसे समय में जब कोरोना महामारी के कारण दुनियाभर में शोध एवं नवाचार गतिविधियों को मजबूती मिली है। तब नवाचार में भारत का आगे बढ़ना सुकूनभरा परिदृश्य है, इससे रोज़गार के मौके बढ़ रहे हैं।

वस्तुतः जीआईआई ऐसा वैश्विक सूचकांक है जिस पर पूरी दुनिया के उद्योग-कारोबार की निगाहें लगी होती हैं। जीआईआई के कारण विभिन्न देशों को सार्वजनिक नीति बनाने से लेकर उत्पादकता में सुधार और नौकरियों में वृद्धि में सहायता मिलती है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भारत में लगातार नवाचार बढ़ने से अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय आईटी प्रतिभाओं के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत में अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे रही हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए लागत और प्रतिभा के अलावा नई प्रौद्योगिकी पर इनोवेशन और उत्साहजनक स्टार्टअप माहौल के चलते हुए भी वैश्विक कंपनियाँ भारत का रुख कर रही हैं और कॅरियर के मौके बढ़ते जा रहे हैं।

डेटा साइंस में कॅरियर के सेक्टर

डेटा साइंस का कोर्स करने के उपरांत जिन विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर



उपलब्ध हैं, उनमें डेटाबेस एंड इंफॉर्मेशन इंटिग्रेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, सोशल और इंफॉर्मेशन नेटवर्क, वेब इंफॉर्मेशन एक्सेस, बिजनेस डेटा एनालिसिस प्रमुख रूप से शामिल हैं। डेटा साइंस में विशेषज्ञता हासिल कर डेटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डेटा ऑफिसर, सपोर्ट एनालिस्ट और बिजनेस एनालिस्ट आदि पदों पर सरलतापूर्वक नियुक्ति प्राप्त की जा सकती है।

निःसंदेह आज के समय में डेटा साइंस और एनालिटिक्स में विशेषज्ञता रखने वालों का सुनहरा दौर चल रहा है। आमतौर पर दो साल के बाद इस सेक्टर के विशेषज्ञ नौकरी छोड़कर ऊंची सैलरी पर नई कंपनी ज्वॉइन करने की अच्छी संभावना रखते हैं। ऐसे में अगर कोई आईटी सेक्टर में नौकरी करना चाहता है तो उसे डेटा साइंटिस्ट बनने के बारे में जरूर सोचना चाहिए। इसमें उसे तुलनात्मक रूप से अच्छा वेतन मिल सकता है। चूंकि इस सेक्टर में सप्लाई-डिमांड में काफी अंतर है, जिससे डेटा साइंटिस्ट को लगातार अच्छे ऑफर के साथ नौकरी बदलने का मौका मिल रहा है।

डेटा साइंस से संबंधित कोर्स कहां से करें?

डेटा साइंस से संबंधित कोर्स देश के प्रमुख इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और डेटा



साइंस से संबंधित विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में देश में पहली बार आईआईटी मद्रास के द्वारा प्रोग्रामिंग और डाटा साइंस में ऑनलाइन डिग्री और डिप्लोमा कोर्स भी लॉन्च किया गया है। ऐसे में डेटा साइंस के कॅरियर के लिए उपयुक्त योग्यता और कॅरियर स्किल्स रखने वाले युवा अपने अनुकूल उपयुक्त गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थान और उपयुक्त कोर्स का चयन करके डेटा साइंस में कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में प्रतिष्ठित हैं।)

चर्चा में

अनिका चेबरोलू ने

कोरोना इलाज पर शोध के लिए जीता पुरस्कार

अमेरिका में भारतीय मूल की छात्रा 14 वर्षीय अनिका

चेबरोलू ने कोरोना वायरस से मुकाबले की दिशा में अपने शोध के लिए 25 हजार डॉलर (करीब 18 लाख रुपये) का पुरस्कार जीता है। उसके इस शोध कार्य से कोरोना के लिए उपचार मुहैया हो सकता है। आठवीं कक्षा की छात्रा अनिका ने एक ऐसे मॉलीक्यूल की खोज की है, जो कोरोना वायरस के स्पाइक प्रोटीन से जुड़ सकता है।

कोट्टी श्रीकांत ने

अंगूठी में सबसे अधिक हीरे लगाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

हैदराबाद के कोट्टी श्रीकांत ने एक अंगूठी में सबसे

अधिक हीरे जड़कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। उनके द्वारा बनाई गई नायाब अंगूठी 'द डिवाइन 7801 ब्रह्म वज्र कमलम' में 7801 हीरे जड़े हैं। उन्होंने अपनी टीम के साथ इसे डिजाइन करने का काम सितम्बर 2018 में शुरू किया था।

हंगरी में

रेस्टोरेंट में लोगों को आकर्षित करने निकाला अनोखा तरीका

कोरोना काल में विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी कमी

होने से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हंगरी के एक रेस्टोरेंट ने लोगों को आकर्षित करने के लिए फेरीव्हील पर केबिन तैयार कर खाना सर्व करना शुरू किया है। रेस्टोरेंट कोस्टेस ने अपना अनोखा डाइनिंग सिस्टम तैयार किया है ताकि लोग संक्रमण से सुरक्षित रहकर नया अनुभव कर सकें। फेरीव्हील सिस्टम में अलग-अलग केबिन में लोग सुरक्षित महसूस करेंगे और रेस्टोरेंट को आर्थिक फायदा भी मिल सकेगा।

थाइलैंड

राजशाही को थ्री फिंगर सैल्यूट

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के एक उपनगरीय

इलाके में हजारों लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों ने 'थ्री फिंगर सैल्यूट' दिया। सैल्यूट का यह तरीका थाइलैंड में विरोध का नया प्रतीक बन कर उभरा है। ज्ञात रहे कि प्रशासन ने बढ़ते आंदोलन को रोकने की कोशिश के तहत समाचारों पर सेंसर किए जाने की धमकी देने के साथ मैसेजिंग एप टेलीग्राम को भी ब्लॉक करने का प्रयास किया है। प्रदर्शनों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत बैंकॉक में आपात स्थिति लागू कर दी गई है। थाइलैंड में थ्री फिंगर सैल्यूट का इस्तेमाल लोकतंत्र का समर्थन करने के लिए किया जाता है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग

खादी फैब्रिक से बने फुटवियर लॉन्च

खादी और ग्रामोद्योग आयोग अब खादी फैब्रिक से

बने फुटवियर बेचेगा। हाल ही में केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने ग्रामोद्योग की पहली फैब्रिक फुटवियर रेंज लॉन्च की है। शुरुआती तौर पर महिलाओं के फुटवियर के लिए 15 तथा पुरुषों के फुटवियर के लिये 10 डिजाइनों को पेश किया गया है। श्री गडकरी ने कहा फुटवियर का ग्लोबल मार्केट 1.45 लाख करोड़ रुपये का है।

क्षुद्र ग्रह बेन्नू पर

नासा का अंतरिक्ष यान लैंड हुआ

एक दशक से ज्यादा समय तक योजना के बाद नासा के

अंतरिक्ष यान ने क्षुद्र ग्रह पर लैंड कर इतिहास रच दिया। यह अंतरिक्ष यान क्षुद्र ग्रह की सतह से धूल-मिट्टी आदि जमा करने के लिए भेजा गया है। ओरिजिंस, स्पेक्ट्रल इंटरप्रेटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन, सिक्यूरिटी रेगोलिथ एक्सप्लोरर अंतरिक्ष यान के रोबोटिक आर्म ने क्षुद्र ग्रह बेन्नू की सतह से नमूना जमा करने का प्रयास किया। फिलहाल यह क्षुद्र ग्रह अभी धरती से 32 करोड़ 10 लाख किलोमीटर दूर है।

9 पिरामिड लॉन्ज

गीजा पिरामिडों के पास खुला रेस्तरां

मिस्र में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए गीजा

पिरामिडों के पास ईको फ्रेंडली रेस्तरां खोला गया है। इसका नाम '9 पिरामिड लॉन्ज' रखा गया है। पर्यटकों के लिए इलेक्ट्रिक बसें भी शुरू की गई हैं। मिस्र के पर्यटन मंत्री खालिद अल-अनानी ने उद्घाटन के दौरान कहा कि यह रेस्तरां पूरी तरह लकड़ी से बना है। रिपोर्ट के अनुसार मिस्र को 2019 में सिर्फ पर्यटन से करीब 96,200 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था।

मॉन्ट सेंट मिशेल आइलैंड

ज्वार के कारण दुनिया से अलग हुआ

फ्रांस का मॉन्ट सेंट मिशेल आइलैंड इन दिनों दुनिया से

पूरी तरह कट गया है। नॉरमैंडी समुद्री तट से करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर बसा आइलैंड ज्वार (तूफानी लहरों) के कारण पानी से घिर गया है और उसे जोड़ने वाला पुल भी जलमग्न हो गया है। हाईटाइड यानि ज्वार के कारण ऊंची लहरें उठने के कारण पर्यटक फँस कर रह गए हैं। यूनेस्को 1979 में इसे विश्व धरोहर स्थल घोषित कर चुका है।

दिव्या शर्मा, शुभांगी स्वरूप और शिवांगी

समुद्र की निगरानी करेंगी नौसेना महिला पायलट

भारतीय नौसेना की स्टार लेफ्टिनेंट दिव्या शर्मा,

ले फ्टि नें ट शुभांगी स्वरूप और लेफ्टिनेंट शिवांगी डॉर्नियर एयरक्राफ्ट से समुद्री टोही अभियानों को अंजाम देंगी। तीनों महिला पायलट 27वें डॉर्नियर ऑपरेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग कोर्स में भाग लेने वाले पायलटों में शामिल थीं। हाल ही में इन्होंने आईएनएस गरुड़ पर आयोजित पासिंग आउट कार्यक्रम में पूरी तरह से परिचालन वाले समुद्री टोही पायलट (एम.आर. पायलट) के तौर पर स्नातक डिग्री प्राप्त की है।

आईएनएस कवरत्ती

स्वदेशी जंगी पोत नौसेना में शामिल हुआ

अत्याधुनिक हथियारों से लैस स्वदेशी जंगी पोत नौसेना

में शामिल हो गया है। इसकी खासियत है कि इसके सेंसर दूर से पनडुब्बियों का पता लगाने में सक्षम हैं। आईएनएस कवरत्ती प्रोजेक्ट 28 के तहत स्वदेशी 4 जहाजों में से आखिरी जहाज है। इस जंगी जहाज को गॉर्डन रीचशिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता ने तैयार किया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने

साक्षात्कार अचानक ही समाप्त किया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीबीएस न्यूज

चैनल के साथ अपने साक्षात्कार को अचानक समाप्त कर दिया। ट्रंप ने न्यूज चैनल के 60 मिनट्स कार्यक्रम के लिए साक्षात्कार को लगभग 45 मिनिट में ही समाप्त कर दिया। सीएनएन न्यूज के अनुसार सीबीएस न्यूज चैनल की होस्ट लेस्ली स्टाहल का मानना है कि उनके पास पर्याप्त सामग्री है।

डॉक्टर गौरव शर्मा

भारतवंशी न्यूजीलैंड में सांसद बने

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में रहने वाले डॉक्टर गौरव

शर्मा न्यूजीलैंड में लेबर पार्टी के टिकट पर सांसद चुने गए हैं। हेमिल्टन वेस्ट सीट से उन्होंने 16,950 वोट हासिल किए। उन्होंने अपने विरोधी टिम मैकिन्डो को 4425 वोट से हराया। गौरव शर्मा का परिवार 20 वर्ष पहले न्यूजीलैंड जाकर बस गया था।

ऋषि सुनक

डायवर्सिटी क्वॉइन जारी किया

ब्रिटेन के वित्त मंत्री भारतवंशी ऋषि सुनक ने लंदन

में विविधतापूर्ण ब्रिटिश इतिहास और इसमें अल्पसंख्यक समुदायों के अहम योगदान को रेखांकित करता हुआ 50 पेंस का एक 'डायवर्सिटी क्वॉइन' जारी किया। सिक्के पर एक तरफ 'विविधता से बना ब्रिटेन' लिखा गया है।

गूगल मैप से

29 सौ शहरों के 60 हजार शौचालय जुड़े

इस साल जुलाई तक देश के 2900 शहरों के शौचालयों

को गूगल मैप से जोड़ा गया है। दो साल पहले गूगल के साथ आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने करार किया था। मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक 2900 शहरों के 60 हजार शौचालय करीब 55 प्रतिशत शहरी आबादी को कवर करते हैं।

विशाल वी. शर्मा

यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त

विशाल वी. शर्मा को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक

और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) में भारत के स्थायी प्रतिनिधिमंडल में अगला स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विशाल, पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में भारत के स्थायी प्रतिनिधि जावेद अशरफ की जगह लेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा यह जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि यूनेस्को का मुख्यालय फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्थित है।

कोलंबिया में

स्वास्थ्यकर्मियों की याद में खाली रखी गईं कुर्सियां

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में कोरोना संक्रमण से जान

गंवाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को अनोखे अंदाज में याद किया गया। बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने दिवंगत स्वास्थ्यकर्मियों की याद में उनके नाम वाली कुर्सियों पर गुलाब के फूल और प्रतिरोध स्वरूप काले रंग का रिबन रखा। गौरतलब है कि कोलंबिया दस लाख से अधिक कोरोना संक्रमितों वाला दूसरा दक्षिण अमेरिकी देश बन गया है।

स्मृति शेष

भारतीय वायुसेना की पहली महिला अधिकारी डॉक्टर विजयलक्ष्मी का निधन

भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर डॉक्टर

विजयलक्ष्मी रमानन का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे 2 अगस्त 1955 को वायुसेना में बतौर अधिकारी कमीशन हुई थीं। 22 अगस्त, 1972 को वे विंग कमांडर बनीं और 28 फरवरी 1979 को रिटायर हो गई थीं। उन्हें विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा गया था।

सैमसंग को ब्रांड बनाने वाले ली कुन-ही का निधन

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक के चेयरमैन ली कुन-ही का

78 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें सैमसंग को एक छोटी टेलीविजन कंपनी से कस्टमर इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट का दिग्गज ब्रांड बनाने का श्रेय जाता है। ली कुन-ही ने 30 साल तक सैमसंग का नेतृत्व किया था।

भारत के लिये पहला ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली भानु अथैया का निधन

इंडियन कॉस्ट्यूम डिजाइनर भानु अथैया का 91

वर्ष की उम्र में निधन हो गया। भानु अथैया ने भारत के लिये पहला अकादमी और ऑस्कर अवॉर्ड जीता था। 1983 में भानु अथैया को डायरेक्टर रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' के लिये ऑस्कर में बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजायनर अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने 100 से भी ज्यादा फिल्मों के लिये कॉस्ट्यूम डिजाइन किया था।

प्रख्यात इतिहासकार आर.एल. शुक्ल का निधन

देश के शीर्ष इतिहासकार रामलखन शुक्ल का

82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बिहार के तीन इतिहासकारों रामशरण शर्मा, डी.एन. झा और आर.एल. शुक्ल 70 के दशक में नामचीन रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वयं के सचेतक खुद बनें और लक्ष्य प्राप्ति के लिये आने वाली बाधाओं से सावधान हो जाएं – रस्किन बांड

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, सम्राट चौक, सीधी (म.प्र.)

E-mail : piusidhi@gmail.com, Phone : 07822-297539

एनआईटी नं. : 27/2020/केन्द्रीकृत निविदा आमंत्रित/एपीडी/पी.आई.यू./4165 रीवा, दिनांक : 20.10.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं :

स. क.	पोर्टल टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी. रु. लाख में)	अमानत राशि (ई.एम.डी. रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
1.	2020_PWPIU_112078_1	जिला सीधी के मॉडल स्कूल में 100 सीटर छात्रावास (बालक एवं बालिका) भवन का निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण)	सीधी	650.32	650320/-	20000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2.	2020_PWPIU_112079_1	जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ममदर, ब्लॉक रामपुर नैकिन में फिजिक्स लाइब्रेरी, कैमिस्ट्री लाइब्रेरी, बायोलॉजी लाइब्रेरी, 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (तृतीय आमंत्रण)	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
3.	2020_PWPIU_112090_1	जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खड्डी, ब्लॉक रामपुर नैकिन में फिजिक्स लाइब्रेरी, कैमिस्ट्री लाइब्रेरी, बायोलॉजी लाइब्रेरी, 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (तृतीय आमंत्रण)	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
4.	2020_PWPIU_112091_1	जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बाघड़, ब्लॉक रामपुर नैकिन में फिजिक्स लाइब्रेरी, कैमिस्ट्री लाइब्रेरी, बायोलॉजी लाइब्रेरी, 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (तृतीय आमंत्रण)	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
5.	2020_PWPIU_112092_1	जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अमिलिया, ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लाइब्रेरी, कैमिस्ट्री लाइब्रेरी, बायोलॉजी लाइब्रेरी, 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (तृतीय आमंत्रण)	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
6.	2020_PWPIU_112093_1	जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सपही, ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लाइब्रेरी, कैमिस्ट्री लाइब्रेरी, बायोलॉजी लाइब्रेरी, 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (तृतीय आमंत्रण)	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
6.	2020_PWPIU_112094_1	जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सरदा, ब्लॉक सीधी में फिजिक्स लाइब्रेरी, कैमिस्ट्री लाइब्रेरी, बायोलॉजी लाइब्रेरी, 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (तृतीय आमंत्रण)	सीधी	76.54	76540/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 20.10.2020 समय 9.00 AM से दिनांक 03.11.2020 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15157/44601/2020 संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., सीधी (म.प्र.)

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
निर्माण संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

क्रमांक 4068/व.ले.लि. भोपाल, दिनांक : 20.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबंद निविदाएं प्रपत्र "अ" में आमंत्रित की जाती हैं। प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त की जावेंगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

स.क. एवं कार्य का नाम : 1. टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में महिला एवं पुरुष शौचालयों के उन्नयनीकरण का कार्य।

निविदा प्रपत्र की राशि (रु.)	1) ठेके की अनु. राशि (रु.) 2) अमानत राशि (रु.)	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक	1) निविदा प्राप्ति का दिनांक 2) कार्यालय	1) निविदा खोलने का दिनांक 2) कार्यालय	1) कार्य पूर्ण करने की अवधि 2) ठेकेदार की श्रेणी 3) आमंत्रण क्र.
रु. 2000/-	1) रु. 7,10,070/- (रु. सात लाख दस हजार सत्तर मात्र) 2) रु. 14,201/-	02.11.20 को सायं 5.30 बजे तक	1) 03.11.20 को सायं 5.00 बजे तक 2) कार्या. कार्यपालन यंत्री निर्माण संभाग क्र.-1 राज. परि. प्रशा., भोपाल	1) 04.11.20 को सायं 12.30 बजे 2) कार्या. कार्यपालन यंत्री निर्माण संभाग क्र.-1 राज. परि. प्रशा., भोपाल	1) 03 माह वर्षाकाल सहित 2) लोनिवि में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत 3) प्रथम आमंत्रण

2. कार्य का नाम : चार इमली वन भवन के पीछे स्थित रिटेनिंग वॉल का रिस्टोरेशन कार्य।

रु. 2000/-	1) रु. 9,99,172/- (रु. नौ लाख निन्यान्वें हजार एक सौ बहत्तर मात्र) 2) रु. 19,983/-	– तदैव –	– तदैव –	– तदैव –	– तदैव –

3. कार्य का नाम : ई-4 अरेरा कॉलोनी, भोपाल 10 नं. मार्केट के पीछे रेस्टोरेशन पेव्ड लेज फेंसिंग एवं अन्य विविध कार्य।

रु. 2000/-	1) रु. 9,98,921/- (रु. नौ लाख अंठानवें हजार नौ सौ इक्कीस मात्र) 2) रु. 19,978/-	– तदैव –	– तदैव –	– तदैव –	– तदैव –

4. कार्य का नाम : कल्पना नगर भेल, भोपाल स्थित वर्षा से एकत्रित पानी के निकासी हेतु नाली रेस्टोरेशन का कार्य।

रु. 2000/-	1) रु. 9,99,151/- (रु. नौ लाख निन्यानवे हजार एक सौ इक्यावन मात्र) 2) रु. 19,983/-	– तदैव –	– तदैव –	– तदैव –	– तदैव –

टीप :- 1. कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि के भुगतान कर कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक-1, कार्यालय से कार्यलयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। 2. निविदा की वैधता खोले जाने की **दिनांक से 120 दिन तक की होगी।** 3. यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी। 4. निविदा प्रपत्र क्रय के लिये निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा प्रपत्र उन्हें नहीं दिया जावेगा। (i) उचित श्रेणी में पंजीकृत प्रमाण-पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पावर ऑफ एटार्नी की प्रति। (ii) वर्तमान आयकर चुकता प्रमाण-पत्र। जीएसटी एवं ईपीएफ पंजीयन प्रमाण-पत्र। (iii) शपथ-पत्र निर्धारित प्रपत्र में। (iv) पेन कार्ड।

कार्यपालन यंत्री
जी-15156/44600/2020 निर्माण संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23
59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

Phone : 0755-2761257, E-mail : eenvda23@mp.gov.in, eenvda@23gmail.com

पत्र क्रमांक 3261 एवं 3263/व.ले.लि.-23/2020-21 भोपाल, दिनांक : 22.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाइन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

स.क. एवं कार्य का नाम : 1. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन के ए.सी. का वार्षिक चालन एवं रख-रखाव का कार्य।

नि.आ. सू.क्र.	अनु. लागत (लाख रुपये में)	धरोहर की राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
14	Rs. 6.46 Lakhs (रु. छः लाख छियालीस हजार मात्र)	Rs. 12,920/- (रु. बारह हजार नौ सौ बीस मात्र)	2,000/- (रु. दो हजार मात्र)	लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी "अ" श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र।	01 वर्ष (वर्षाकाल सहित)

2. कार्य का नाम : नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण मुख्यालय भवन में लगे CCTV कैमरे का वार्षिक मरम्मत का कार्य।

15	Rs. 3.47 Lakhs (रु. तीन लाख सैंतालीस हजार मात्र)	Rs. 6,940/- (रु. छह हजार नौ सौ चालीस मात्र)	2,000/- (रु. दो हजार मात्र)	लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी।	01 वर्ष (वर्षाकाल सहित)

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की **अंतिम तिथि : दिनांक 06.11.2020, 17.30 तक**

2. धरोहर राशि एवं अर्हता दस्तावेज वेबसाइट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 09.11.2020, 10.30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाइट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं।

निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23
जी-15163/44604/2020 59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1, रीवा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 12/2020-21 **रीवा, दिनांक : 21.10.2020**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती हैं।

क. एवं कार्य का नाम : 1. बदवार तमरा सीतापुर मार्ग के नवीनीकरण/मूल डामरीकरण का कार्य लं. 5.20 कि.मी. उपसंभाग क्र. 1, रीवा।

टेण्डर क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. अमानत राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/छोड़कर
PWDRB 111662	73.00	1. 73000/- 2. 10000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह

2. कार्य का नाम : रायपुर कर्चुलियान भलुहा महसांव मार्ग में नवीनीकरण का कार्य लं. 7.00 कि.मी. उपसंभाग मनगवां।

PWDRB 111663	103.24	1. 103240/- 2. 12500/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. आठ माह

3. कार्य का नाम : नगई से अटरिया मार्ग लम्बाई 2.60 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।

PWDRB 111664	21.71	1. 43420/- 2. 5000/-	1. द्वितीय आमंत्रण 2. तीन माह

4. कार्य का नाम : शासकीय केन्द्रीय लाइब्रेरी में फाल्स सीलिंग का कार्य, उपसंभाग क्र. 1, रीवा।

PWDRB 111667	5.12	1. 10240/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह

5. कार्य का नाम : शासकीय केन्द्रीय लाइब्रेरी में रूफ रिपेयरिंग का कार्य, उपसंभाग क्र. 1, रीवा।

PWDRB 111668	3.47	1. 6940/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह

6. कार्य का नाम : शासकीय केन्द्रीय लाइब्रेरी, रीवा में बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य, उपसंभाग क्र. 1, रीवा।

PWDRB 111669	2.60	1. 5200/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह

7. कार्य का नाम : शासकीय केन्द्रीय लाइब्रेरी, रीवा में लैट बाथरूम का निर्माण कार्य, उपसंभाग क्र. 1, रीवा।

PWDRB 111671	3.68	1. 7360/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह

8. कार्य का नाम : एन.सी.सी. ऑफिस, रीवा में एल्यूमीनियम सेक्सन पार्टीशन का कार्य, उपसंभाग क्र. 1, रीवा।

PWDRB 111672	3.09	1. 6180/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

9. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत एस.डी.ओ.पी. पुलिस आवासीय भवन क्र. एफ-4 का मरम्मत कार्य, उपसंभाग त्योंथर।

PWDRB 111673	4.15	1. 8300/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

10. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत एस.डी.ओ.पी. पुलिस कार्यालय का मरम्मत कार्य, उपसंभाग त्योंथर।

PWDRB 111674	4.08	1. 8160/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

11. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत तहसील ऑफिस मनगवां का मरम्मत कार्य, उपसंभाग मनगवां।

PWDRB 111675	4.38	1. 8760/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

12. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत एस.डी.एम. ऑफिस मनगवां का मरम्मत कार्य, उपसंभाग मनगवां।

PWDRB 111676	4.30	1. 8600/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

13. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत रायपुर कर्चुलियान तहसील भवन का मरम्मत कार्य, उपसंभाग मनगवां।

PWDRB 111677	4.45	1. 8900/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

14. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत एफ-17 सिविल लाइन में मरम्मत कार्य, उपसंभाग क्रमांक-1, रीवा।

PWDRB 111678	4.46	1. 8920/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

15. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत एफ-54 सिविल लाइन में मरम्मत कार्य, उपसंभाग क्रमांक-1, रीवा।

PWDRB 111679	4.46	1. 8920/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

16. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत एफ-47 सिविल लाइन में मरम्मत कार्य, उपसंभाग क्रमांक-1, रीवा।

PWDRB 111680	4.46	1. 8920/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. दो माह

17. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत एफ-26 सिविल लाइन में मरम्मत कार्य, उपसंभाग क्रमांक-1, रीवा।

PWDRB 111681	4.03	1. 8060/- 2. 2000/-	1. द्वितीय आमंत्रण 2. दो माह

18. कार्य का नाम : विशेष मरम्मत के अंतर्गत शासकीय आवास क्र. 2 सी.एच. 9 विकास कॉलोनी, रीवा का मरम्मत कार्य।

PWDRB 111682	2.18	1. 4360/- 2. 2000/-	1. द्वितीय आमंत्रण 2. दो माह

19. कार्य का नाम : बी.टी. रिनूवल इनक्लूडिंग हाई सोल्डर्स मेडिकल कॉलेज कैम्पस, रीवा उपसंभाग क्रमांक-3, रीवा।

PWDRB 111949	12.10	1. 24200/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह
	कुल योग	**268.96**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 07.11.2020 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

स्टाम्प शपथ-पत्र, रजिस्ट्रेशन, एनेक्जर 'एच' विड डाक्यूमेन्ट एवं अन्य दस्तावेज के लिफाफे मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

फोन नं. : 07282-231402, E-mail : eephedkhr@.nic.in

क्रमांक/2765/निविदा/का.यं./लो.स्वा.यां./2020 खरगोन, दिनांक 27.10.2020

निविदा सूचना क्रमांक 52/2020-21

कार्य का विवरण : खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, आर.सी.सी. टंकी एवं संपवेल, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरों पर निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम टेंडर नं. (2020_ PHED)	विकास-खण्ड	ग्रामों की संख्या/ नाम	कार्य की अनुमा. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
112380 (द्वितीय आमंत्रण)	भगवानपुरा/ सेगांव	05 ग्राम (मोहना, बाड़ी खुर्द, नागरखेड़ी, गोपालपुरा, दामखेड़ा)	54.40 लाख	54400/-	10000/-	04 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
112381	बड़वाह/ महेश्वर	05 ग्राम (बलखड़, नलवट, कदवाली गोराड़िया, चौगांव)	140.17 लाख	140170/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
112382	भीकनगांव	02 ग्राम (पोखराबाद सूर्वा)	129.15 लाख	129150/-	12500/-	04 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
112383	भीकनगांव	01 ग्राम (गोराड़िया)	123.13 लाख	123130/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने **अंतिम तिथि 11.11.2020, समय 17.30 बजे।**
2. ऑनलाइन **निविदा दर खोलने की तिथि - 13.11.2020**
3. निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (ऑनलाइन सिस्टम) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री

जी-15181/44608/2020 **लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड, खरगोन**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड बड़वानी (म.प्र.)

E-mail_eephedbar@mp.nic.in, Tel & Fax 07290-224203

नि.आ.सू./20/निविदा/कार्य/लोस्वायां/20-21 बड़वानी, दिनांक 24.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर बड़वानी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	विकास-खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (PAC) रु. लाख में	धरोहर राशि (EMD) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12289_1	राजपुर	5	400.19	400196/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12290_1	राजपुर	2	296.18	296187/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12291_1	राजपुर	3	379.35	379352/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12292_1	राजपुर	4	305.60	305600/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12293_1	राजपुर	5	325.91	325911/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12294_1	राजपुर	3	395.22	395227/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12295_1	राजपुर	4	482.67	482674/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
20/20-21 dt. 24.10.2020	2020_ PHED_1 12319_1	राजपुर	4	191.86	191864/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि :- 09.11.2020, 17.30 बजे

ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- 09.11.2020, 17.30 बजे

ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि :- 11.11.2020, 10.30 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर जरूर देखें।

कार्यपालन यंत्री

जी-15222/44613/2020 **लो.स्वा.यां. खण्ड, बड़वानी**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

रीवा परिक्षेत्र, रीवा के कार्यालय में स.क्र. 01 से 03 तक एवं 04 से 19 तक कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्रमांक-1 रीवा के कार्यालय में पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 09.11.2020, 17.30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। विलम्ब से दस्तावेज प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेवार नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-15172/44605/2020 **लो.नि.वि., संभाग क्र. 1, रीवा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स), संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail-eepwdkatni@mp.nic.in, Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08/व.ले.लि./2020-21 **कटनी, दिनांक 27.10.2020**

मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अंतर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.08.2014 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) एवं दिनांक 29.08.2017 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें ऑनलाइन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती हैं विड सेल ऑनलाइन **http://mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें संबंधित कार्यालय में टेण्डर टाईम शेड्यूल के अनुसार खोली जावेंगी।

क.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	जिला	एस.ओ. आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	अनु. लागत राशि (रु. लाख में)	कार्य की अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि
1.	2020_PWDRB_112325_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	सलैया, सिहुडी, बस्तरी, पाकर, मसंधा, कुडा, इमलिया मार्ग में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य लम्बाई 11.0 कि.मी.।	प्रथम	82.63	0.82630	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
2.	2020_PWDRB_112326_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	पिपरौंध, निवार, देवरी, हटाई, बड़वारा, विजयराघवगढ़, कैमोर मार्ग में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य लम्बाई 7.90 कि.मी.।	प्रथम	83.81	0.83810	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
3.	2020_PWDRB_112327_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	स्लीमनाबाद, सरसवाड़ी, सैलारपुर, पौनिया मार्ग लम्बाई 3.55 कि.मी. एवं सैलारपुर, नवलिया, अमगवां, बड़गांव मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।	प्रथम	81.41	0.81410	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
4.	2020_PWDRB_112328_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	बड़गांव, करहिया, गोदाना, मोहास, लालपुर पाली मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी. एवं बड़गांव पहुंच मार्ग लम्बाई 2.10 देवगांव, सुगमा मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।	प्रथम	78.48	0.78480	10000/-	04 माह वर्षाऋतु रहित
5.	2020_PWDRB_112329_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	खितौला उमरियापान मार्ग लम्बाई 4.775 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।	प्रथम	66.85	0.66850	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
6.	2020_PWDRB_112330_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	टिकुरी, बड़खेरा पहाड़ी मार्ग लम्बाई 6.20 कि.मी. एवं विश्राम भवन पहुंच मार्ग लम्बाई 0.40 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।	प्रथम	51.89	0.51890	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
7.	2020_PWDRB_112331_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	बंजारी खजुरा, गुडेहा मार्ग में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य लम्बाई 3.0 कि.मी.।	प्रथम	21.34	0.42680	5000/-	02 माह वर्षाऋतु रहित
8.	2020_PWDRB_112332_1	कटनी	01.08.14	भवन कार्य	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रमांक 2, कटनी के उपखण्ड (रीठी एवं बहोरीबन्द) के अंतर्गत आने वाले शासकीय आवासीय एवं गैर आवासयी भवनों में रंगाई-पुताई का कार्य।	प्रथम	12.00	0.24000	2000/-	04 माह
9.	2020_PWDRB_112333_1	कटनी	01.08.14	भवन कार्य	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रमांक 1, कटनी के मुख्यालय उपखण्ड के अंतर्गत आने वाले शासकीय आवासीय एवं गैर आवासयी भवनों में रंगाई-पुताई का कार्य।	प्रथम	17.86	0.35720	2000/-	04 माह
10.	2020_PWDRB_112334_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रमांक 2, कटनी के अंतर्गत आने वाले मार्गों में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।	प्रथम	17.70	0.35400	2000/-	04 माह
						योग	513.97			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 513.97 लाख (पाँच करोड़ तेरह लाख सन्तानवे हजार मात्र)

कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 17.11.2020 सायं 17.30 बजे तक** होगी। निविदा से संबंधित समस्त विस्तृत विवरण शासन की वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

विशेष टीप : पंजीयन से संबंधित दस्तावेज एवं अमानत राशि मेन्युअली/चैक लिस्ट एवं शपथ-पत्र/आयकर/पैन नम्बर/जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति निविदाकार के (स्वयं के नाम पर) EMD/FDR के साथ दिनांक 18.11.2020, सायं 5.30 तक सरल क्रमांक 01 से 07 की निविदा कार्यालय, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग (मध्यक्षेत्र) जबलपुर में एवं सरल क्रमांक 8 से 10 की निविदा कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी में केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। भौतिक लिफाफा नियत समय एवं तिथि में संबंधित कार्यालय में प्राप्त न होने पर ऑनलाइन निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी

जी-15177/44607/2020

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

फोन नं. : 07282-231402, E-mail : eephedkhr@.nic.in

क्रमांक/2783/निविदा/का.यं./लो.स्वा.यां./2020 **खरगोन, दिनांक : 28.10.2020**

निविदा सूचना क्रमांक 53/2020-21

कार्य का विवरण : खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, आर.सी.सी. टंकी एवं संपवेल, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरों पर निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम टेंडर नं. (2020_PHED)	विकास-खण्ड	ग्रामों की संख्या/ नाम	कार्य की अनुमा. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
112480	बड़वाह/ महेश्वर	7 ग्राम (टोकसर, जयमलपुरा, कटघड़ा मेहताखेड़ी, सेल चिंदड़िया, सिरस्या)	228.878 लाख	2,28,880/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
112481	गोगांवा	03 ग्राम (विलाली, देवलगांव, लाखी)	390.74 लाख	3,90,740/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
112482	गोगांवा	03 ग्राम (वेहरामपुर, मेहरजा, बड़गांव)	410.81 लाख	4,10,810/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
112483	झिरन्या	04 ग्राम (देवित बुजुर्ग, खारवा चैनपुर, निमसेठी)	307.3310 लाख	3,07,331/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
112484	झिरन्या	04 ग्राम (भावसिंगपुरा, कमोदबाड़ा, अम्बाडोंचर, करान्या)	316.315 लाख	3,16,320/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 13.11.2020, समय 17.30 बजे।**
2. ऑनलाइन **निविदा दर खोलने की तिथि - 16.11.2020**
3. निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (ऑनलाइन सिस्टम) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

जी-15210/44611/2020

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 5228/27/2019/चयन **इन्दौर, दिनांक 28.10.2020**

पदनाम - सहायक संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास (सांख्यिकी)

चयन - सूची

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 05/2019/दिनांक 26.11.2019 एवं समय-समय पर जारी सूचनाएं आदि के अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के तहत निम्नांकित तालिका में दर्शित पद विज्ञापित किये गये हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिये अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार दिनांक 27.10.2020 को आयोजित किये जाने के परिणामस्वरूप आवेदकों के साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर चयन सूची निम्नानुसार घोषित की जाती है :-

1. सहायक संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास (सांख्यिकी)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	योग
कुल पदों की संख्या	0	1	0	0	1

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	1097	VINOD KUMAR JATAV	M	SC	SC

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	1094	NISHA MESHRAM	F	SC

टीप :- 1. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

सचिव
जी-15225/44614/2020 **म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर**

कोविड-19 में सामाजिक सरोकार की नई पहल

भोपाल, कोरोना काल में प्रशासनिक मशीनरी की दक्षता की सराहना और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर समाज को शिक्षा देने का जो बीड़ा मध्यप्रदेश प्रेस क्लब ने उठाया है, इसके परिणाम सुखद होंगे। यह विचार मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. संजय गोयल ने मध्यप्रदेश प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'आरोग्य मंथन' में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. सरमन सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम पी. खाड़े थे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारम्भ कार्यक्रम के पहले अतिथि वक्ता भोपाल कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया थे। श्री लवानिया ने भोपाल जिले में किये गये कार्यों के साथ प्रदेश में होने वाली व्यवस्था सम्बन्धी निर्देशों की जानकारी दी। बीते दिनों की जानकारी के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की दक्षता पर भी उन्होंने प्रकाश डाला।

डॉ. संजय गोयल ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान के अनुभव को साझा करते हुए भारत के बारे में उनके मित्रों की राय से उलट देश की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए आगामी चुनौतियों का सफलता से सामने करने की बात कहते हुए मीडिया के अब तक इस काल में मिले सहयोग को अविस्मरणीय कहते हुए भविष्य में सहयोग की आशा व्यक्त की।

31 अक्टूबर 'राष्ट्रीय एकता दिवस'

देश को एक सूत्र में पिरोने वाले महानायक सरदार वल्लभभाई पटेल

'जीवन की डोर तो ईश्वर के हाथ में है, इसलिए चिंता की कोई बात हो ही नहीं सकती। कठिन समय में कायर बहाना ढूंढते हैं, बहादुर व्यक्ति रास्ता खोजते हैं।'

'मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए। अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।'

'ऐसे बच्चे जो मुझे अपना साथ दे सकते हैं, उनके साथ अक्सर मैं हंसी-मजाक करता हूँ। जब तक एक इंसान अपने अन्दर के बच्चे को बचाए रख सकता है तभी तक जीवन उस अंधकारमयी छाया से दूर रह सकता है, जो इंसान के माथे पर चिंता की रेखाएं छोड़ जाती है।'

ये विचार हैं देश के लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के। वह एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने न केवल अपनी सोच वरन अपने विराट कार्यों के माध्यम से भी अपने नाम को सार्थक किया था। वे कहते थे कि एकता के बिना जनशक्ति, शक्ति नहीं है जब तक उसे ठीक ढंग से सामंजस्य में ना लाया जाए और एकजुट ना किया जाए, और तब यह आध्यात्मिक शक्ति बन जाती है। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए उन्हें भारत का बिस्मार्क और लौह पुरुष भी कहा जाता है।

एकता के धागे में पिरोकर 562 रियासतों को भारतीय संघ में कराया शामिल

आजादी से पहले हमारा देश कई रियासतों और राजा-रजवाड़ों के बीच बंटा हुआ था। इन्हें एक सत्ता के नीचे लाना सबसे बड़ी समस्या थी, लेकिन इस दायित्व को बखूबी निभाया सरदार पटेल ने। उनकी देश को महानतम देन थी 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके उन्हें एकता के सूत्र में बांधना। विश्व इतिहास में उनसे पहले किसी भी व्यक्ति ने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस नहीं किया था। इस कार्य में उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे डटे रहे और प्रत्येक रियासत को प्राथमिकता देते हुए माला के एक-एक मोती की तरह उन्हें एकता के धागे में पिरोते गए। देश की आजादी की तैयारियों के बीच 5 जुलाई, 1947 को एक रियासत विभाग की स्थापना की गई थी। जब वह वी.पी. मेनन के साथ उड़ीसा पहुंचे तो वहां के 23 राजाओं से कहा, कुएं के मेढ़क मत बनो, महासागर में आ जाओ। उड़ीसा के लोगों की सदियों पुरानी इच्छा कुछ ही घंटों में पूरी हो गई। फिर नागपुर पहुंचे, यहां के 38 राजाओं से मिले। इन्हें सैल्यूट स्टेट कहा जाता था, यानी जब कोई इनसे मिलने जाता तो तोप छोड़कर सलामी दी जाती थी। पटेल ने इन राज्यों की बादशाहत को आखिरी सलामी दी। इसी तरह वे काठियावाड़ पहुंचे। वहां 250 रियासतें थीं। कुछ तो केवल 20-20 गांव की रियासतें थीं। सबका एकीकरण किया। एक शाम मुम्बई पहुंचे। आसपास के राजाओं से बातचीत की और उनकी राजसत्ता अपने थैले में डालकर चल दिए। केवल तीन रियासतें-कश्मीर, जूनागढ़ और हैदराबाद छोड़कर लौह पुरुष ने सभी रियासतों को भारत में मिला दिया। इन तीन रियासतों में भी जूनागढ़ को 9 नवम्बर, 1947 को मिला लिया गया। वे जो भी संकल्प लेते थे उसे पूरा करके ही दम लेते थे। इसी क्रम में 13 नवम्बर को सरदार पटेल ने सोमनाथ के भग्न मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया और उसे भी पूरा कर दिखाया। 1948 में हैदराबाद भी कार्रवाई द्वारा मिला लिया गया। न कोई बम चला, न कोई क्रांति हुई, जैसा कि डराया जा रहा था।

562 रियासतों का एकीकरण भारत की एक रक्तहीन क्रांति थी। महात्मा गांधी ने सरदार पटेल को इन रियासतों के बारे में लिखा था, रियासतों की समस्या इतनी जटिल थी जिसे केवल तुम ही हल कर सकते थे।

सत्याग्रह की सफलता पर महिलाओं ने दी थी सरदार की उपाधि

सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जो देश की आजादी के बाद प्रथम गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री बने। बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे पटेल को सत्याग्रह की सफलता पर वहाँ की महिलाओं ने सरदार की उपाधि प्रदान की थी। 31 अक्टूबर 1875 को एक साधारण किसान दम्पति झवेरभाई पटेल और लाड बाई के यहां



जन्म लेने वाले वल्लभभाई पटेल अपने असाधारण कामों के जरिए इतिहास में अमर हो गए हैं। विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद सरदार पटेल ने न केवल इंग्लैण्ड जाकर बैरिस्टरी की डिग्री प्राप्त की वरन उन्होंने सम्पूर्ण ब्रिटिश साम्राज्य के विद्यार्थियों में सर्वोच्च स्थान भी प्राप्त किया था। उन्होंने उच्च शिक्षा पाई थी परंतु उनमें जरा भी अहंकार नहीं था।

वे कहते थे कि स्वतंत्र भारत में कोई भी भूख से नहीं मरेगा। अनाज निर्यात नहीं किया जायेगा। कपड़ों का आयात नहीं किया जाएगा। सेना अपने ही लोगों या किसी और की भूमि को अधीन नहीं करेगी। इसके सबसे अच्छे वेतन पाने वाले अधिकारी इसके सबसे कम वेतन पाने वाले सेवकों से बहुत ज्यादा नहीं कमाएंगे और यहाँ न्याय पाना ना खर्चीला होगा ना कठिन होगा। यह हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह यह अनुभव करे कि उसका देश स्वतंत्र है और उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करना उसका कर्तव्य है। हर एक भारतीय को अब यह भूल जाना चाहिए कि वह एक राजपूत है, एक सिख या जाट है। उसे यह याद होना चाहिए कि वह एक भारतीय है और उसे इस देश में हर अधिकार है पर कुछ जिम्मेदारियां भी हैं।

पत्नी के निधन की सूचना मिलने के बाद भी कोर्ट में लड़ते रहे केस

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का विवाह झावेर बा के साथ हुआ था। सन् 1897 में 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की। 1900 में जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। गोधरा में वकालत की प्रेक्टिस शुरू कर दी। 1902 में इन्होंने वकालत का काम बोरसद स्थानांतरित कर लिया, जहां क्रिमिनल लॉयर के रूप में खूब नाम कमाया। अपनी वकालत के दौरान उन्होंने कई बार ऐसे केस लड़े जिसे दूसरे नीरस और हारा हुए मानते थे। उनकी प्रभावशाली वकालत का ही कमाल था कि उनकी प्रसिद्धि दिनों-दिन बढ़ती चली गई। यहीं उनकी पुत्री मणिबेन का 1904 और पुत्र दह्या का 1905 में जन्म हुआ। सरदार पटेल अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी, समर्पण और हिम्मत से साथ पूरा करते थे।

उनके इस गुण का दर्शन हमें सन् 1909 की इस घटना से होता है। वे कोर्ट में केस लड़ रहे थे, उस समय उन्हें अपनी पत्नी की मृत्यु (11 जनवरी 1909) का तार मिला। पढ़कर उन्होंने इस प्रकार पत्र को अपनी जेब में रख लिया जैसे कुछ हुआ ही नहीं। दो घंटे तक बहस कर उन्होंने वह केस जीत लिया। बहस पूर्ण हो जाने के बाद न्यायाधीश तथा अन्य लोगों को जब यह खबर मिली कि सरदार पटेल की पत्नी का निधन हो गया। तब उन्होंने सरदार से इस बारे में पूछा तो सरदार ने कहा कि उस समय मैं अपना फर्ज निभा रहा था, जिसका शुल्क मेरे मुवक्किल ने न्याय के लिए मुझे दिया था। मैं उसके साथ अन्याय कैसे कर सकता था। ऐसी कर्तव्यपरायणता और शेर जैसे कलेजे की मिशाल इतिहास में बिरले ही मिलती है। इससे बड़ा चरित्र और क्या हो सकता है?

वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त, 1910 में लंदन की यात्रा की। वहाँ उन्होंने मनोयोग से अध्ययन किया और अंतिम परीक्षा में उच्च प्रतिष्ठा के साथ उत्तीर्ण हुए। फरवरी, 1913 में भारत लौटकर सरदार पटेल अहमदाबाद में बस गए और तेजी से उन्नति करने लगे। 1917 तक वे भारत की राजनीतिक गतिविधियों के प्रति उदासीन रहे। इसके बाद जब वे नवम्बर 1917 में पहली बार गांधी जी से सीधे संपर्क में आये तो देश के स्वाधीनता आंदोलन को लेकर उनकी रुचि बढ़ी। 1918 में अहमदाबाद जिले में अकाल राहत का बहुत व्यवस्थित ढंग से प्रबंधन किया। इसी दौरान सरकार द्वारा अकाल प्रभावित खेड़ा जिले में वसूले जा रहे लैंड रेवेन्यू के विरुद्ध आन्दोलन का सफल नेतृत्व कर वसूली को माफ करवाया। 1920 के असहयोग आन्दोलन में सरदार पटेल ने स्वदेशी खादी, धोती, कुर्ता और चप्पल अपनाये तथा विदेशी कपड़ों की होली जलाई।

'सरदार' की स्मृति में गुजरात में स्थापित की गई है दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा

15 दिसम्बर, 1950 को शेर-ए-हिंदुस्तान सरदार पटेल का निधन मुंबई में हो गया था। निधन के 41 वर्ष बाद 1991 में उन्हें भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। यह अवॉर्ड उनके पौत्र विपिनभाई पटेल द्वारा स्वीकार किया गया। सरदार पटेल के सम्मान में अहमदाबाद के हवाई अड्डे का नाम सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया है। उनके कार्यों व स्मृतियों को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए नर्मदा जिले के केवड़िया में 182 मीटर ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। दुनिया में अपनी तरह की सबसे ऊंची प्रतिमा को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2018 को उसका उद्घाटन किया था। सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा देश को एकजुट करने के लिए अनेकों प्रयास किये गए, इन्हीं कार्यों को याद करते हुए जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत सन् 2014 में की गई है।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

सीजनल इन्फ्लूएन्जा के उपचार एवं रोकथाम के निर्देश जारी

भोपाल, स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को लिखा है कि मौसम के बदलाव के कारण स्वाइन फ्लू सीजनल इन्फ्लूएन्जा (एच-1 एन-1) के प्रकरण होने की संभावना होती है। अतः आप अपने जिले में सतत सतर्क रहें एवं संभावित सीजनल इन्फ्लूएन्जा के मरीजों की स्क्रीनिंग, निदान, उपचार व रोकथाम के लिये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। सीजनल इन्फ्लूएन्जा के रोकथाम व उपचार के लिये भारत शासन द्वारा दिये गये प्रोटोकॉल/गाइडलाइन का पालन व कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करें। विशेषकर हाई रिस्क प्रकरणों जैसे कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किसी भी घातक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति के फ्लू होने पर अधिक सतर्क रहें तथा पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार उपचार आरंभ करें।

जिला, ब्लॉक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर होने वाली मासिक एवं साप्ताहिक बैठकों में समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को सीजनल इन्फ्लूएन्जा (एच-1 एन-1) की रोकथाम एवं उपचार संबंधित जानकारी से अवगत कराया जाये।

बिगड़े वन क्षेत्रों के पुनर्स्थापन का जिम्मा निजी निवेशकों को दिया जाएगा

भोपाल, वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा है कि प्रदेश के बिगड़े वन क्षेत्रों को तेजी से पुनर्स्थापित करने और इनमें सुधार करने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा निजी निवेश को जिम्मा सौंपने की अभिनव पहल की गई है। इसका प्रस्ताव भारत सरकार को भेजकर मंजूरी प्राप्त की जाएगी। मंजूरी के बाद निजी निवेश को आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

वन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 37420 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र को बिगड़े वन क्षेत्रों के रूप में वर्णीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि निजी निवेश के जरिए बिगड़े वन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय समुदायों को आजीविकाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अल्पीकरण परिस्थितिकीय सेवाओं जैसे जल चक्र आदि के सतत संचालन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वन के आच्छादन को बढ़ाया जा सकेगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री राजेश श्रीवास्तव ने इस संबंध में प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक और क्षेत्रीय वन मंडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि सभी वनमण्डल अधिकारी क्षेत्रों का चयन कर निरीक्षण करें और जानकारी तैयार कर मानचित्र समेत एक पखवाड़े में प्रधान कार्यालय अनिवार्य रूप से भिजवाएं।

निजी निवेश क्षेत्रों को सौंपने का यह है मकसद

प्रदेश के बिगड़े वन क्षेत्रों में निजी निवेश की सकारात्मक भूमिका को ध्यान में रखकर इस कार्य को हाथ में लिया जाएगा। इससे बिगड़े वन क्षेत्रों की उत्पादकता में अभिवृद्धि के लक्ष्य की प्राप्ति होगी और वानिकी क्षेत्र में पूंजी निवेश तकनीकी एवं प्रबंधकीय कौशल को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के जरिए अल्पावधि में स्थानीय समुदायों को रोज़गार के अवसरों में वृद्धि दीर्घावधि में प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित आजीविका सुदृढ़ होगी, काष्ठ आधारित उद्योगों को आयातित कच्चे माल के स्थान पर स्थानीय उत्पाद उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही हरियाली आच्छादन से परिस्थितिकीय सेवाओं का सतत संचालन, कार्बन अवशोषण से जलवायु परिवर्तन के अल्पीकरण के लिए राष्ट्र के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग करने में भी अग्रणी भूमिका निभायेगा।

क्षेत्रों का ऐसे होगा चयन

प्रथम चरण में प्रत्येक वन मंडल में अच्छी संभावनाओं वाले कुछ स्थानों का चयन किया जाएगा। क्षेत्र चयन में प्रमुख रूप से वनमंडल की कार्य-योजना के तहत पुनर्स्थापना कार्य वृत्त में लिए गए आरक्षित या संरक्षित वन क्षेत्र में से ऐसे क्षेत्रों का चयन होगा जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र 0.2 क्षेत्र घनत्व से कम वाले क्षेत्र हों। एक स्थान पर 500 से एक हजार हेक्टेयर निकट के वन क्षेत्र को शामिल कर एक कार्य इकाई का गठन होगा। यथा संभव कार्य इकाई के गठन में चयनित वन कक्ष एक दूसरे से तकरीबन 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित होने के साथ ही सम्पूर्ण क्षेत्र अतिक्रमण से मुक्त होना चाहिए। वन क्षेत्र के साथ सटी हुई शासकीय राजस्व भूमि होने पर उसे भी शामिल कर प्रस्ताव बनाया जा सकेगा। इसके लिए जिला कलेक्टर की अनुमति आवश्यक होगी।

चयनित वन क्षेत्र में अधिकतर वृक्षारोपण के लिए गहरी और उपयुक्त मृदा जहां सिंचाई के लिए पानी का साधन उपलब्ध होगा, ऐसे क्षेत्र को चयन के मामले में प्राथमिकता दी जाएगी। चयन वन क्षेत्र के सभी सीमा चिन्हों का मौके पर निरीक्षण किया जाएगा और मुनारों की स्थिति को एक मीटर से बेहतर शुद्धता के जीपीएस उपकरण से रिकॉर्ड किया जाएगा।

यह होगी प्रक्रिया

भारत सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद निजी निवेश को आमंत्रित होने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वन क्षेत्र पर आश्रित समुदाय की सहमति से बिगड़े वनों के सुधार में निजी निवेश से वनीकरण परियोजना को लागू किया जाएगा। अनुबंध अवधि 30 साल के लिए होगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान

रोहित चोट के कारण टीम से बाहर, राहुल होंगे उपकप्तान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिये भारतीय क्रिकेट टीम घोषित की है। बीसीसीआई की चयन समिति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर टेस्ट, वन-डे और ट्वेंटी-20 टीमों की घोषणा की। विराट कोहली को तीनों टीमों की कमान सौंपी गई है। के.एल. राहुल वन-डे और ट्वेंटी-20 टीमों में उपकप्तान की भूमिका निभायेंगे। वहीं अजिंक्य रहाणे टेस्ट टीम के उपकप्तान रहेंगे।

रोहित और ईशांत चोट के चलते हुये बाहर

चयन समिति ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा को चोटिल होने के कारण टीम में जगह नहीं मिली है। रोहित शर्मा हैम्स्ट्रिंग की चोट से परेशान हैं, वहीं ईशांत शर्मा पसलियों की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो चुके हैं। रोहित शर्मा अभी आईपीएल में मुंबई इंडियंस की टीम के साथ जुड़े हैं। बीसीसीआई का चिकित्सा दल रोहित और ईशांत की चोट पर नजर रख रहा है। दोनों खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि रोहित और ईशांत अगर फिट हो जाते हैं, तो वे टीम में शामिल किये जा सकते हैं।

टीम के साथ चार अतिरिक्त गेंदबाज भी जायेंगे ऑस्ट्रेलिया

बीसीसीआई ने तीनों टीमों के अलावा चार अतिरिक्त युवा गेंदबाजों को भी ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने कहा कि कमलेश नागरकोटी, कार्तिक त्यागी, इशान पोरेल और टी. नटराजन टीम के साथ रहेंगे, ये खिलाड़ियों को नेट पर अभ्यास करवायेंगे। बीसीसीआई ने कहा कि इन चारों ने गेंदबाजी में घरेलू क्रिकेट तथा अंडर-19 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है।

टेस्ट टीम - विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, पृथ्वी शॉ, के.एल. राहुल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, शुभमन गिल, रिद्धिमान साहा, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, नवदीप सैनी, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज।

वन-डे टीम- विराट कोहली, शिखर धवन, शुभमन गिल, के.एल. राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, मयंक अग्रवाल, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी और शार्दुल ठाकुर।

ट्वेंटी-20 टीम- विराट कोहली, शिखर धवन, मयंक अग्रवाल, के.एल. राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, दीपक चाहर और वरुण चक्रवर्ती।

खेल चर्चा

भारत ने एशियन नेशंस ऑनलाइन चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

चेन्नई, भारतीय महिला टीम ने एशियन नेशंस ऑनलाइन चेस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में इंडोनेशिया को 6-2 से हराया। भारतीय महिला टीम के लिये ग्रैंडमास्टर पीवी नंदिता और पूनम राउत ने अपने-अपने मैच जीते। भारतीय पुरुष टीम भी फाइनल में पहुंची थी, लेकिन फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया से 3.5-4.5 से हार का सामना करना पड़ा।

खबीब नुर्मागोमेदेव ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट को कहा अलविदा

मॉस्को, रूस के मिक्स्ड मार्शल आर्ट के खिलाड़ी खबीब नुर्मागोमेदेव ने खेल से संन्यास लेने का ऐलान किया। खबीब ने यूएफसी के दूसरे दौर में जस्टिन गेथजे को हराने के बाद संन्यास की घोषणा की। खबीब ने मुकाबले में गेथजे को आसानी से चित कर दिया। खबीब ने कहा कि यह मेरी आखिरी लड़ाई थी। खबीब अभी मिक्स्ड मार्शल आर्ट में लाइटवेट वर्ग के चैंपियन हैं। यूएफसी में खबीब का रिकॉर्ड 29-0 है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

जोहान्सबर्ग, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के कार्यवाहक अध्यक्ष बेरेस्फोर्ड विलियम्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बेरेस्फोर्ड के साथ उनके 5 सहयोगियों ने भी इस्तीफा दिया है। सीएसए की शीर्ष परिषद ने बोर्ड के सभी सदस्यों को इस्तीफा देने को कहा था। उल्लेखनीय है कि बेरेस्फोर्ड को इस वर्ष अगस्त माह में क्रिस नेन्जानी की जगह कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। बेरेस्फोर्ड के इस्तीफे के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष का पद खाली हो गया है।

लाहौर की जगह रावलपिंडी में खेली जायेगी ट्वेंटी–20 सीरीज

रावलपिंडी, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली जाने वाली ट्वेंटी-20 सीरीज को लाहौर की जगह रावलपिंडी शिफ्ट कर दिया है। पीसीबी ने यह फैसला लाहौर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के कारण लिया है। पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने कहा कि लाहौर की वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट आई है और नवम्बर में भी वायु प्रदूषण का अनुमान है, ऐसे में लाहौर में होने वाले मैचों को रावलपिंडी में आयोजित कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि ट्वेंटी-20 सीरीज के मैच 7, 8 और 10 नवम्बर को आयोजित किये जाने हैं।

जूलिया जॉर्जेस ने टेनिस से लिया संन्यास

बर्लिन, जर्मनी की महिला टेनिस खिलाड़ी जूलिया जॉर्जेस ने टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की है। जूलिया ने अपना आखिरी मुकाबला फ्रेंच ओपन में अपनी हमवतन लॉरा सिगमंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में जूलिया को हार का सामना करना पड़ा था। जूलिया ने संन्यास के बारे में कहा कि मैं 15 साल के पेशेवर करियर के बाद टेनिस को अलविदा कहने को तैयार हूं। जूलिया ने अपने टेनिस करियर में 7 महिला एकल तथा 5 महिला युगल खिताब जीते हैं।

मार्क एंड्रिया ने जीता वोल्फक्रेन ओपन का खिताब

स्मेनिंग, स्विट्जरलैंड के युवा टेनिस खिलाड़ी मार्क एंड्रिया हस्लर ने जर्मनी के स्मेनिंग में आयोजित वोल्फक्रेन ओपन ने टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में हस्लर ने नीदरलैंड्स के बोटिक वॉन डे जेंडस्कल्प को रोमांचक मुकाबले में 6-7, 7-6, 7-5 से हराया। मैच में बोटिक ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 से जीता। इसके बाद हस्लर ने भी शानदार वापसी की। हस्लर ने दूसरा सेट 7-6 तथा तीसरा सेट 7-5 से अपने नाम कर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब जर्मनी के आंद्रे वेगमैन तथा नीदरलैंड्स के डेविड पेल की जोड़ी ने जीता।

तन्मय श्रीवास्तव ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, भारत के अनुभवी घरेलू क्रिकेटर तन्मय श्रीवास्तव ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। तन्मय ने सोशल मीडिया पर संन्यास का ऐलान करते हुये कहा कि यह मेरे क्रिकेट करियर को अलविदा कहने का समय है। तन्मय ने वर्ष 2008 में आईसीसी अंडर-19 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया था और भारत की खितावी जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। तन्मय ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 262 रन बनाये थे। तन्मय ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 43 रनों की अहम पारी खेली थी। इस विश्वकप में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली थे।

आईपीएल

बीसीसीआई ने जारी किया प्ले ऑफ का शेड्यूल

दुबई, बीसीसीआई ने संयुक्त अरब अमीरात में खेले जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्ले ऑफ का शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का पहला क्वालिफायर मुकाबला 5 नवम्बर को दुबई में खेला जायेगा, वहीं एलिमिनेटर मुकाबला 6 नवम्बर को आबुधाबी में खेला जायेगा। दूसरा क्वालिफायर मुकाबला 8 नवम्बर को खेला जायेगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 10 नवम्बर को दुबई में होगा।

बीसीसीआई ने इसके अलावा महिला ट्वेंटी-20 चैलेंज का शेड्यूल भी जारी किया है। टूर्नामेंट में तीन टीमें सुपरनोवा, ट्रेलब्लेजर्स और वेलोसिटी हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का पहला मैच 4 नवम्बर को सुपरनोवा और वेलोसिटी के बीच खेला जायेगा। दूसरा मैच 5 नवम्बर को वेलोसिटी और ट्रेलब्लेजर्स के बीच होगा। तीसरा मैच ट्रेलब्लेजर्स और सुपरनोवा के बीच 7 नवम्बर को खेला जायेगा। टूर्नामेंट का फाइनल 9 नवम्बर को होगा।

ये होगा प्रारूप

आईपीएल में खितावी मुकाबले के लिये टीमों के फैसले के लिये प्ले ऑफ प्रारूप का सहारा लिया जाता है। प्ले ऑफ प्रारूप में सेमीफाइनल की जगह क्वालिफायर मुकाबले होते हैं। टूर्नामेंट में अंक तालिका में पहला और दूसरा स्थान हासिल करने वाली टीमें क्वालिफायर-1 खेलती हैं, जो टीम मैच जीतेगी वह फाइनल में जायेगी और जो मैच हारेगी उसे एक और मौका मिलेगा और वो क्वालिफायर-2 खेलेगी। टूर्नामेंट में तीसरा तथा चौथा स्थान हासिल करने वाली टीमें एलिमिनेटर मैच खेलेंगी। जो टीम हारी उसका टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो जायेगा और जो टीम जीतेगी वह क्वालिफायर-2 में क्वालिफायर-1 की हारी टीम से भिड़ेगी। इस मैच का विजेता क्वालिफायर-1 के विजेता के साथ खितावी मुकाबला खेलेगा।

कोलोन चैंपियनशिप

एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एक सप्ताह के भीतर जीता दूसरा खिताब

कोलोन, जर्मनी के युवा टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव का टेनिस में विजय क्रम जारी है। ज्वेरेव ने एक सप्ताह के भीतर दूसरा खिताब जीता है। ज्वेरेव ने कोलोन चैंपियनशिप में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता है। ज्वेरेव ने फाइनल में अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-2, 6-1 से हराया। महज एक घंटे 11 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में ज्वेरेव पूरी तरह श्वार्ट्जमैन पर भारी रहे। मैच के पहले सेट में ज्वेरेव ने श्वार्ट्जमैन के खिलाफ आक्रामक नीति अपनाई। ज्वेरेव के सामने श्वार्ट्जमैन ने शुरुआत से ही गलतियां कीं। इसके चलते श्वार्ट्जमैन मैच में पिछड़ते चले गये।

यह ज्वेरेव के टेनिस करियर का 13वां एटीपी खिताब है। इससे पहले ज्वेरेव ने कोलोन इंडोर टूर्नामेंट के फाइनल में फेलिक्स ऑगर एलियासेम को हराकर खिताब अपने नाम किया था।

जीत दर्ज करने के बाद ज्वेरेव ने कहा कि मैं जानता था कि मैं टूर्नामेंट जीत सकता हूं। मुझे खुशी है कि मैंने हार नहीं मानी। चोट से उबर रहे ज्वेरेव ने कहा कि मैं जल्द ही अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटूंगा।

साई ने टेबल टेनिस के लिये राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर को मंजूरी दी

नई दिल्ली, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने टेबल टेनिस के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर को मंजूरी दे दी है। यह शिविर 28 अक्टूबर से 8 दिसम्बर तक आयोजित होगा। इस शिविर में 11 खिलाड़ी (5 पुरुष, 6 महिला) शामिल होंगे। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ, सोनीपत के दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में इस शिविर का आयोजन करेगा। शिविर के लिये लगभग 18 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। इसमें हवाई यात्रा और चिकित्सा व्यय भी शामिल है।

शिविर में शामिल होने वाले खिलाड़ी डीपीएस, सोनीपत में मौजूद आवासीय परिसर में रहेंगे। खेल गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा स्थापित मानक संचालन

प्रक्रियाओं का पालन किया जायेगा। इस वर्ष मार्च में कोरोना वायरस के कारण देशव्यापी पूर्ण बंदी की घोषणा के बाद टेबल टेनिस के लिए यह पहला राष्ट्रीय शिविर आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रमंडल खेलों के चार बार के स्वर्ण पदक विजेता अचंता शरत कमल पुरुषों के प्रशिक्षण समूह का हिस्सा होंगे। उनके साथ मानुष शाह, मानव ठक्कर, सुधांशु ग्रोवर और जुविन कुमार भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। महिला प्रशिक्षण समूह में अनुषा कुदुम्वले, दीया चितले, सुतीर्थ मुखर्जी, अर्चना कामत, तकमी सरकार और कौशानी नाथ भाग लेंगी।

अर्चना कामत टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम विकास समूह का एक हिस्सा हैं और 2018 यूथ ओलिंपिक की सेमीफाइनलिस्ट हैं। शिविर के माहौल में वापस आकर और लंबे समय के बाद अपने साथी खिलाड़ियों से मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए अर्चना ने कहा कि 'मैं बेंगलुरु में घर पर ही ट्रेनिंग कर रही थी, लेकिन एक ऐसे शिविर के माहौल में वापसी की उम्मीद कर रही थी, जहां मैं लंबे समय के बाद भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ियों से मिलकर उनके साथ खेल सकूं।

टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल टलने पर टेस्ट सीरीज खेलेगा इंग्लैंड

लंदन, कोरोना महामारी के कारण वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। फाइनल के टलने की संभावना को देखते हुये इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने दूसरे विकल्प की तैयारी शुरू कर दी है। टीम इस दौरान न्यूजीलैंड या आयरलैंड से एक या दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेल सकती है। क्रिकेट आयरलैंड के चीफ एक्जीक्यूटिव वारेन डियूटाम ने कहा कि वर्ष 2021 में टेस्ट सीरीज को लेकर ईसीबी से बात चल रही है। यह सीरीज फ्यूचर टूर कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। ऐसे में हम आगामी कार्यक्रम को लेकर इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीसी की अगले महीने होने वाली बैठक में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर फैसला लिया जा सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

ऑस्ट्रेलिया
अपने नौसैनिकों की एशिया प्रशांत क्षेत्र में करेगा तैनाती

ऑस्ट्रेलिया अपने नौसैनिकों को एशिया प्रशांत क्षेत्र में तैनात करेगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री लिंडा रिनॉल्ड्स ने

- **जंगलों में लगी आग बुझाने और कोविड-19 के खिलाफ नौसेना ने बहुत मदद की थी।**
- **ऑस्ट्रेलिया अब हर साल रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी शिप पश्चिम एशिया नहीं भेजेगा।**
- **इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया होरमुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के नेतृत्व वाले गश्ती दल से भी हट जायेगा।**

कहा कि ऑस्ट्रेलिया सुरक्षा बल क्षेत्रीय साझेदारी के साथ प्रशांत क्षेत्र में गतिविधि बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है। वहीं ऑस्ट्रेलिया पश्चिम एशिया में अपनी नौसैनिक उपस्थिति को कम करेगा।

भारत-अमेरिका 2+2 बैठक

द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग के प्रमुख पहलुओं पर हुई व्यापक चर्चा

भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) पर हस्ताक्षर हो गए हैं। दोनों देशों के बीच 'टू प्लस टू' वार्ता हुई, जिसमें दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्री मिले। बैठक के बाद दोनों देशों की ओर से साझा बयान जारी किया गया है। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने बयान में कहा कि भारत और अमेरिका की दोस्ती लगातार मजबूत हुई है। 'टू प्लस टू' बैठक में दोनों देशों ने कई मसलों पर मंथन किया, जिसमें कोरोना संकट के बाद की स्थिति, दुनिया की मौजूदा स्थिति, सुरक्षा के मसलों पर कई अहम मुद्दों पर विस्तार से बात की गई। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि हमने बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) पूरा कर लिया है, जिससे सूचना साझा करने के नए रास्ते खुलेंगे। हम अमेरिका के साथ आगे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हुआ है। हम उद्योगों और सेवा क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी साझेदारी वर्तमान चुनौतियों के मद्देनजर और महत्वपूर्ण हो जाती है। हम दोनों नियम-आधारित आदेश और लोकतंत्र

में विश्वास करते हैं।

विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने कहा कि आज दोनों देशों के बीच दुनिया के कई

इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

1. बुनियादी विनिमय और सहयोग समझौता
2. पृथ्वी विज्ञान पर तकनीकी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन
3. परमाणु सहयोग पर व्यवस्था का विस्तार
4. डाक सेवाओं पर समझौता
5. आयुर्वेद और कैंसर अनुसंधान में सहयोग पर समझौता

बड़े मसलों पर बात हुई है। दोनों देशों में आर्थिक, डिफेंस, इन्फॉर्मेशन साझा करने को लेकर कई स्तर पर सहमति बनी है, साथ ही इन क्षेत्रों में लगातार उन्नति भी हो रही है। दोनों देशों के बीच बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों देश आपस में सैन्य जानकारियां साझा कर पाएंगे। दोनों देश सैटेलाइट और अन्य अहम इनपुट्स बिना किसी रोक-टोक के एक-दूसरे को दे पाएंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि आज दुनिया में काफी बड़ी चीजें हो रही हैं, दोनों देश नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में भारत-अमेरिका की दोस्ती मजबूत हुई है। माइक पोम्पियो ने कहा कि मैंने वॉर मेमोरियल पर भारतीय सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जिसमें गलवान घाटी में शहीद हुए 20 जवान भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका डिफेंस, साइबर स्पेस, इकोनॉमी के क्षेत्र में साथ हैं और मजबूती के साथ खड़े रहेंगे।

अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क टी. एस्पर ने कहा कि हमने विशेष रूप से पिछले वर्ष के दौरान भारत के साथ अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत किया है, जिसके दौरान हमने अपनी क्षेत्रीय सुरक्षा और सूचना साझाकरण को उन्नत किया है। हमारा सहयोग एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक और सिद्धांतों की चुनौतियों को पूरा करता है। मौजूदा परिस्थितियों में भारत और अमेरिका की दोस्ती ना सिर्फ एशिया बल्कि दुनिया के लिए काफी अहम है। मार्क एस्पर के मुताबिक भारत-जापान और अमेरिका साथ में कई सैन्य ऑपरेशंस करेंगे, मालाबार एक्सरसाइज भी की जाएगी।

चिदंबरनार बंदरगाह पर

'डायरेक्ट पोर्ट एंट्री सुविधा' का केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने किया उद्घाटन

केंद्रीय पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनसुख मांडविया ने वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह में एक ई-पट्टिका का अनावरण कर 'डायरेक्ट पोर्ट एंट्री' (डीपीई) सुविधा का उद्घाटन किया। इस दौरान श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह लॉजिस्टिक लागत को कम करने और बंदरगाहों से निर्यात खेप को भेजने की प्रक्रिया को गति देने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। डीपीई निर्यातकों के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ाने में मदद करेगा, इससे निर्यातकों के काम में दक्षता आएगी, सामान भेजने पर खर्च कम होगा साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी हो सकेंगे।

अत्याधुनिक डायरेक्ट पोर्ट एंट्री (डीपीई) सुविधा बीच में किसी भी सीएफएस के दखल के बिना निर्यातकों को कारखानों से अपने कंटेनरों को सीधे बंदरगाहों पर कंटेनर टर्मिनल पर चौबीस घंटे भेजने की सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह सुविधा ट्रक पार्किंग टर्मिनल के

अंदर 18,357 वर्गमीटर के क्षेत्र में बनाई गई है, जिसे कारखानों से सील होकर आए निर्यात के सामानों से भरे कंटेनरों को सीमा शुल्क निकासी सुविधा के लिए 'सागरमाला' योजना के तहत विकसित किया गया है। यह प्रति माह 18,000 टीईयू को वहन करने की क्षमता रखती है। डीपीई सुविधा के तहत केंद्रीय भंडारण निगम के माध्यम से भारतीय सीमा शुल्क विभाग एक ही छत के नीचे निर्यातकों को एलईओ भी उपलब्ध कराएगा। केंद्रीय भंडारण निगम और सीमा शुल्क अधिकारियों की एक टीम वीओसी पोर्ट के सहयोग से टियर-2 और टियर-3 (एईओ) प्रमाणित आयात-निर्यात ग्राहकों को सेवा देगी।

सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए प्रशासन को पारदर्शी जिम्मेदार और जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सतर्क भारत, समृद्ध भारत थीम पर सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल संयुक्त भारत के साथ-साथ देश की प्रशासनिक प्रणाली के भी वास्तुकार हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी, जिम्मेदार, जवाबदेह, जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का कोई भी रूप इसका सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार एक तरफ देश के विकास को नुकसान पहुंचाता है और दूसरी तरफ यह सामाजिक संतुलन और उस भरोसे को खत्म कर देता है, जो लोगों का सिस्टम में होना चाहिए और इसलिए, उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से निपटना किसी एक एजेंसी या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि

भ्रष्टाचार से स्टैंड-अलोन अप्रोच से नहीं निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के साथ व्यवस्थित जांच, प्रभावी ऑडिट और क्षमता निर्माण व प्रशिक्षण की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह समय की जरूरत है कि सभी एजेंसियां तालमेल और सहयोगात्मक भावना के साथ काम करें। उन्होंने सम्मेलन के एक प्रभावी मंच के रूप में उभरने की कामना की, जो सतर्क भारत, समृद्ध भारत बनाने के नए तरीकों के बारे में सुझाव दे। उन्होंने कहा कि अगर देश भ्रष्टाचार को हरा दे तो मजबूत हो सकता है और समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत बनाकर सरदार पटेल के सपने को साकार किया जा सकता है।

गौरतलब है कि तीन दिवसीय इस सम्मेलन में विदेशी न्यायाधिकार क्षेत्र में जांच की चुनौतियां, भ्रष्टाचार के खिलाफ एक प्रणालीगत जांच के रूप में निवारक सतर्कता, वित्तीय समावेशन और बैंक धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए प्रणालीगत सुधार, विकास के एक इंजन के रूप में प्रभावी ऑडिट, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को तेज करने की दिशा में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून में नवीनतम संशोधन, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण, तेज और ज्यादा प्रभावी जांच के लिए मल्टी-एजेंसी समन्वय, आर्थिक अपराधों के उभरते रुझान, साइबर अपराधों और अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध पर अंकुश के लिए आपराधिक जांच एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और आदान-प्रदान पर चर्चा हुई।

चिली में
संविधान बदलने हुई वोटिंग

दक्षिण अमेरिकी देश चिली में नए संविधान के लिए वोटिंग की गई। हाल ही में संविधान बदलने के लिये हुए जनमत संग्रह में

- **इस जनमत संग्रह के लिए करीब एक करोड़ 40 लाख लोगों ने वोट डाले हैं।**
- **भारी बहुमत मिलने पर लोगों ने सड़कों पर जश्न मनाया।**

इसके समर्थन में 78.24% लोगों ने वोट दिए। मौजूदा संविधान के पक्ष में सिर्फ 21.76% लोगों ने वोट दिए। गौरतलब है कि नया संविधान बनाने की मांग 2019 के आंदोलन से उठी थी। आंदोलन मेट्रो किराए में बढ़ोत्तरी के विरोध में हुआ था। बाद में बड़े बदलाव की मांग उससे जुड़ गई थी। यह 9 सालों में हुए बड़े आंदोलनों की कड़ी में शामिल हो गया था। चिली का मौजूदा संविधान सैन्य तानाशाह अगस्तो पिनोशे (1973-90) के दौर में लिखा गया था। अब लोगों की मांग है कि वर्तमान समय को देखते हुए नया संविधान लिखा जाए।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन लॉन्च

अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), सीएसआईआरओ के साथ मिलकर सर्कुलर अर्थव्यवस्था पर दो दिवसीय भारत-

- **आई-एसीई का विचार इस साल 4 जून को भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों की बातचीत के दौरान आया जब दोनों नेताओं ने भारत और ऑस्ट्रेलिया में सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए नवाचारों की आवश्यकता जताई थी।**

ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन (आई-एसीई) आयोजित करने जा रहा है। हैकथॉन का आयोजन 7 और 8 दिसंबर को किया जाएगा। आई-एसीई के अंतर्गत दोनों देशों के स्टार्टअप और एमएसएमई तथा प्रतिभावान छात्रों द्वारा नए तकनीकी उपायों के विकास और उनकी पहचान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह हैकथॉन लॉन्च करते हुए एआईएम के मिशन डायरेक्टर और नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव आर.

रमणन ने कहा कि हम यह देखने का प्रयास कर रहे हैं कि सर्कुलर इकोनॉमी की चुनौतियों को कैसे दुरुस्त किया जा सकता है, जिससे न सिर्फ अपशिष्ट पदार्थों के निपटान का स्थाई समाधान निकलेगा

बल्कि इससे अपशिष्ट पदार्थों के पुनः इस्तेमाल के तौर तरीके भी सामने आएंगे। शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों और स्टार्टअप/एमएसएमई को हैकथॉन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और सभी चार विषयों में से प्रत्येक विषय के लिए दोनों देशों से एक-एक छात्र और एक-एक

प्रस्तावित दो दिवसीय हैकथॉन में चार मुख्य थीम होंगी :

- **पैकिंग अपशिष्ट में कमी लाने हेतु कम संसाधनों से पैकिंग के क्षेत्र में नवाचार**
- **खाने की बर्बादी कम करने के लिए खाद्य आपूर्ति श्रृंखला हेतु नवाचार**
- **प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करने के लिए अवसरों का सृजन**
- **जटिल ऊर्जा धातु और वेस्ट रीसाइक्लिंग**

स्टार्टअप/एमएसएमई को 11 दिसंबर को पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता घोषित किया जाएगा।

हैकथॉन में भाग लेने के लिए आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 10 नवंबर, 2020 है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं लिंक http://aimapp2.aim.gov.in/iace/ पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

29 दिनों बाद
आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच जंग समाप्त

आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच 29 दिनों से चली आ रही जंग समाप्त हो गई है।

- **दोनों देशों ने 26 अक्टूबर 2020 को मध्य रात्रि में युद्ध विराम के प्रयास को मान लिया।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने दोनों देशों के बीच इस युद्ध विराम में सहायक मध्यस्थता निभाई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर कहा कि आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव को बधाई जो आधी रात को प्रभावी ढंग से संघर्ष विराम का पालन करने को सहमत हुए। गौरतलब है इन दोनों देशों के बीच नागोर्नो-काराबाख को लेकर पिछले एक महीने से भीषण जंग चल रही थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।